ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ शुक्ल पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 19 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 136 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



'बिग बॉस ओटीटी 2' में नजर आएंगी ... पेज 12 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### डुमरी विस उपचुनाव भाजपा आजसू गठबंधन मिलकर लड़ेंगे

**रांची।** आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कहा है कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगातार बीजेपी और आजसू गठबंधन में चर्चा चल रही है। उप चुनाव से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की बात बीजेपी से चल रही है, जिसके बाद प्रत्याशी का नाम क्लियर किया जाएगा।

### आम तोड़ने के विवाद में दो सगे भाइयों की निर्मम हत्या

**पाकुड़।** आम तोड़ने को लेकर हुए विवाद में दो सगे भाइयों की निर्मम हत्या कर दी गयी। घटना महेशपुर थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आम तोड़ने को लेकर गांव के ही दो पड़ोसियों के बीच कहासुनी हुई। मामले को लेकर बीते शनिवार की रात्रि को ग्राम प्रधान के यहां पंचायती हुई और पंचायती खत्म होने के बाद कुछ लोग लाठी डंडे लेकर पहुंचे एवं 30 वर्षीय देवीधन मुर्मू, 36 वर्षीय वकील मुर्मू की पिटाई के कारण दोनों भाइयों की मौत हो गयी।

### दूसरे ट्रायल में पटना से हटिया स्टेशन आयी वंदे भारत एक्सप्रेस

**रांची।** पटना से रांची के लिए चलने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रायल रन के दूसरे चरण के दौरान रविवार को हटिया स्टेशन पहुंची। पटना से सुबह सात बजे खुली यह गाड़ी दोपहर 1.05 बजे रांची स्टेशन आयी। इसके बाद हटिया 1.20 बजे पहुंची। वंदे भारत एक्सप्रेस हटिया से पटना के लिए 3:55 बजे रवाना हुई। इससे पहले जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना से मेसरा, टाटीसिल्वे स्टेशनों पर रुकते हुए वह यहां तक आयी। रांची स्टेशन पर पांच मिनट के ठहराव के बाद हटिया स्टेशन पहुंची।

## झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी, गोड्डा में पारा 46 के पार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में भीषण गर्मी के बीच राजधानी रांची में रविवार सुबह हुई हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन मानसून में देरी से लोगों का सब्र भी टूटने लगा है। अब लोग गर्मी से राहत के लिए पूजा कर रहे हैं। झुलसाने वाली गर्मी से जनजीवन परेशान है। भीषण गर्मी में सूर्य भी अपना रौद्र रूप दिखा रहा है। इससे पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। राज्य में अब कोई भी ऐसा जिला नहीं है, जिसका तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार न किया हो। रांची सहित कई जिलों में सूरज आग उगल राह है। मौसम ने अपने तेवर तल्ख कर लिए हैं। कई जगहों पर धूप की तीखी तपिश के साथ भीषण लू चल रही है। राजधानी का तापमान 41 डिग्री के करीब बना हुआ है। पिछले चार दिनों से रांची में उच्चतम तापमान 40 डिग्री से अधिक बना हुआ है। संताल परगना के गोड्डा जिले का उच्चतम पारा 46 डिग्री के पार हो गया है। डालटेनगंज का तापमान भी 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है। जिले में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। पूरे राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की सलाह दी है। आलम यह है कि लोगों को चेहरे पर कपड़ा बांधकर एवं छाता लेकर घर से निकलना पड़ रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम देखी जा रही है। शहरों के मुख्य बाजारों और चौराहों पर सन्नाटे की स्थिति है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार 20 जून से देवघर के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। 20 जून को अधिकतम तापमान 41 डिग्री एवं उमस भरी गर्मी के बाद शाम में तीन मिमी. बारिश की भी संभावना है। 21 जून को तापमान में तेजी से गिरावट आने की संभावना है। 21 जून को अधिकतम तापमान 37 डिग्री एवं पांच मिमी. तक बारिश होने की संभावना है। 21 जून को आसमान में बादल छाए रहेंगे और बारिश की भी संभवना है।



### कक्षा 8 तक के सभी स्कूल 21 जून तक रहेंगे बंद





**झारखंड** के सभी स्कूलों को अब 21 जून तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के स्कूली, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने रविवार को अधिसूचना जारी की है। आदेश में कहा गया है कि अत्यधिक गर्मी और लू को ध्यान में रखते हुए राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त और गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक सहित सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा आठ तक के विद्यालय 21 जून तक बंद रहेंगे। कक्षा 9 से 12 तक की कक्षाएं सुबह सात से 11 बजे तक संचालित होंगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 11 जून को आदेश जारी कर 14 जून तक सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया था। फिर 14 जून को संशोधित करते हुए 17 जून तक स्कूल बंद किया गया था।

### लू लगने से एक व्यक्ति की हुई मौत

**हंटरगंज(चतरा)।** बढ़ती गरमी का असर लोगों के दिनचर्या पर पड़ने के साथ स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। बढ़े गरमी में लू लगने हंटरगंज प्रखंड के गेंजना पंचायत अंतर्गत ढोलिया गांव निवासी राजेश राम 50 वर्ष की मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार वह सुबह बाजार करने के लिए अपने साईकल से रानीगंज गए थे और दोपहर में बाजार से लौटने के दौरान सलैया गावं के पास अपने साईकल से अचानक गिर गए। जिससे देख आसपास के लोगों ने सूचना दी।

भारत में पहली बार लीजेंड्स क्रिकेट लीग मैच

## राजधानी में खेले जा सकते हैं कुल चार मैच

### जेसीए ने लीजेंड्स क्रिकेट लीग को लेकर तैयारी शुरू की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन (जेसीए) के सचिव देवाशीष बनर्जी उर्फ पिंटू दा ने बताया है कि लीजेंड्स क्रिकेट लीग मैच का आयोजन झारखंड में होने जा रहा है। इसकी मेजबानी झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन करेगा। संभवतः अक्टूबर माह में क्रिकेट वर्ल्ड कप के पहले झारखंड के रांची में इसके आयोजन की योजना है। इसको लेकर झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन ने तैयारी शुरू कर दी है। एसोसिएशन सचिव रविवार को जामताड़ा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित समर कैंप के समापन समारोह में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पहली बार झारखंड में होने जा रहे इस क्रिकेट लीग में कुल चार मैच यहां खेले जा सकते हैं, जिसका झारखंड के क्रिकेट प्रेमी आनंद उठा पाएंगे। इस चार मैच में दो क्वार्टर फाइनल, एक सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच का आयोजन किया जा सकता है।



वन प्रबंधन व संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम में बोले राज्यपाल

# पर्यावरण सुरक्षा जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला के चाकुलिया प्रखंड स्थित केएनजे हाई स्कूल में वन प्रबंधन एवं संरक्षण महासमिति और जोहार भारत फेडरेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा आज विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है और इसके लिए पूरा विश्व चिंतित है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण सूखा, अत्यधिक गर्मी, अनावृष्टि, बेमौसम अतिवृष्टि इत्यादि में वृद्धि हो रही है जिसके कारण करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक संसाधनों का अविवेकपूर्ण दोहन होना, कूड़े-कचड़े और अपशिष्ट पदार्थों का अनियोजित ढंग से फेंका जाना, कल-कारखानों के निर्माण के साथ ही उससे होने वाले प्रदूषण को रोकने के उपाय का अभाव, कीटनाशक पदार्थों का अंधाधुंध प्रयोग, वैज्ञानिक तकनीक का न अपनाना तथा जानकारी का अभाव होना है। उन्होंने कहा कि निरंतर बढ़ती हुई जनसंख्या की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति तथा उनके आर्थिक स्तर में वृद्धि के लिए औद्योगिक विकास अत्यंत ही आवश्यक है। परिवहन के साधन में भी वृद्धि होना जरूरी है, लेकिन इसके साथ पौधरोपण में भी वृद्धि भी उसी अनुपात में आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि आज भू-गर्भ जल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है। विभिन्न जिलों में भ्रमण के क्रम में वहां जल-स्तर एवं सिंचाई संबंधी समस्या शेष पृष्ठ 11 पर





## भगवान जगन्नाथ का नेत्र उत्सव आज, कल निकलेगी रथयात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सोमवार को भगवान जगन्नाथ का नेत्र उत्सव होगा। इस मौके पर जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के नवयौवन रूप के दर्शन होंगे। प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा 14 दिनों के बाद भक्तों को दर्शन देंगे। मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी। हरिभंजा के जगन्नाथ मंदिर में दिन में ही नेत्र उत्सव किया जायेगा। साथ ही भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का भी वितरण किया जायेगा। खरसावां, सरायकेला समेत अन्य स्थानों पर सोमवार की रात को नेत्र उत्सव होगा।

मान्यता है कि चार जून को स्नान पूर्णिमा के दिन अत्याधिक स्नान से प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा बीमार हो गयी थीं। इसके बाद मंदिर के अणसर गृह में देशी नुस्खों के साथ उपचार किया गया। अलग-अलग प्रकार की जड़ी-बूटी से तैयार दवा दी गयी। अब प्रभु जगन्नाथ स्वस्थ हो गये हैं। इस दौरान अणसर गृह में ही चतुर्था मूर्ति की रंगाई-पुताई की गयी।

नेत्र उत्सव के दिन भगवान पूरी तरह से स्वस्थ होकर भक्तों को दर्शन देंगे। नेत्र उत्सव के एक दिन बाद 20 जून को प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा रथ पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। इस मौके पर भक्तों में प्रसाद का भी वितरण किया जायेगा।



### रथ यात्रा का कार्यक्रम

- **19 जून :** प्रभु जगन्नाथ का नेत्र उत्सव सह नव यौवन रूप के दर्शन
- **20 जून :** श्रीगुंडिचा रथ यात्रा
- **24 जून :** हेरा पंचमी पर मां लक्ष्मी द्वारा रथ भंगिनी
- **27 जून :** संकट तारीणी व्रत
- **28 जून :** श्री जगन्नाथ गुंडिचा मंदिर से श्रीमंदिर तक बाहुड़ा यात्रा

## जेईई एडवांस्ड : लोहरदगा के आयुष सिंह को मिला देशभर में 94वां रैंक

### राज्य टॉपर बने हैं आयुष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2023 का रविवार को रिजल्ट जारी कर दिया गया है। लोहरदगा के रहने वाले आयुष सिंह झारखंड टॉपर बने हैं। उन्हें देशभर में 94वां स्थान मिला है। आयुष सिंह ने जेईई एडवांस्ड में बेहतर परिणाम पाने के पहले जेईई मेन में भी अच्छी सफलता हासिल की थी। जेईई मेन में आयुष को 99.99 परसेंटाइल मिले थे। इस परसेंटाइल के बाद उसने जेईई एडवांस्ड पर फोकस किया और इसमें भी बेहतरीन स्थान प्राप्त किया है। आयुष ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल लोहरदगा से की है। वहीं 11वीं और 12वीं की परीक्षा रांची के एलए गार्डन स्कूल से की है।



आयुष के पिता रवि भूषण सिंह हिंडाल्को कंपनी के कर्मचारी हैं। वे लोहरदगा रेलवे साइडिंग स्थित अनलोडिंग स्टेशन में साइडिंग इंचार्ज हैं। आयुष की मां नीलिमा देवी शीला देवी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में शिक्षिका हैं। सभी लोहरदगा शहरी क्षेत्र के संजय गांधी पथ के रहने वाले हैं। आयुष शुरू से ही अपनी पढ़ाई को लेकर काफी ज्यादा गंभीर रहा है। आयुष की सफलता से पूरा परिवार काफी खुश है।

रांची डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के सात होनहार छात्रों ने जेईई एडवांस की परीक्षा में सफलता के झण्डे गाड़,नया कीर्तिमान स्थापित किया है जिसमें अभिनव श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 4228, निलेश कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 9342 एवं कैटेगरी रैंक 2122, प्रभात कुमार साहू ने कैटेगरी रैंक 2966, मयंक ने कैटेगरी शेष पृष्ठ 11 पर

### गीता प्रेस, गोरखपुर को मिलेगा गांधी शांति पुरस्कार 2021

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध प्रकाशक गीता प्रेस, गोरखपुर को वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी ने रविवार को सर्वसम्मति से वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर का चयन किया। यह पुरस्कार अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों से सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक परिवर्तन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। वर्ष 1923 में स्थापित गीता प्रेस दुनिया के सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। इसने 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जिनमें 16.21 करोड़ श्रीमद भगवद गीता शामिल है। संस्था ने राजस्व सृजन के लिए कभी भी अपने प्रकाशनों में विज्ञापन पर भरोसा नहीं किया है।

रक्षा मंत्रालय बेहतर कामकाज को लेकर करेगा 'चिंतन बैठक'

## विभिन्न चुनौतियों पर होगी चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय बेहतर शासन और कामकाज के लिए अपने विभागों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए 19-20 जून को नई दिल्ली में चिंतन बैठक करेगा। रक्षा विभाग, रक्षा उत्पादन विभाग, सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए), पूर्व सैनिक कल्याण विभाग ने विभिन्न मुद्दों की पहचान की है, जिन पर रक्षा विभागों के अधिकारी विशेषज्ञों के साथ अपने विचारों को साझा करके चर्चा करेंगे।

रक्षा मंत्रालय अपने विभागों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करने और बेहतर शासन देने के लिए दो दिवसीय चिंतन बैठक का आयोजन कर रहा है, ताकि इनका समाधान करके नए विचारों को विकसित किया जा सके। रक्षा विभाग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए व्यापक दृष्टिकोण, साइबर सुरक्षा चुनौतियां, राष्ट्रीय सूचना सुरक्षा नीति और दिशा-निर्देश, निष्पादन लेखापरीक्षा, सैनिक स्कूल शिक्षा प्रणाली और रक्षा अधिग्रहण में क्षमता निर्माण विषयों पर विचार विमर्श करेगा। इसका आयोजन वास्तविक समय सीमा में वांछित लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता निकालने के लिए किया जा रहा है।

रक्षा उत्पादन विभाग आत्मनिर्भरता में वृद्धि करना, स्वदेशीकरण के लिए भविष्य की कार्ययोजना, उत्पादन और रक्षा निर्यातों को बढ़ाना, औद्योगिक इकोसिस्टम और कुशल कार्यबल, सबको समान अवसर प्रदान करने में वृद्धि और गुणवत्ता सुधार विषय पर चर्चा करेगा। सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए) जिन मुद्दों पर चर्चा करेगा, उनमें औपनिवेशिक प्रथाओं तथा अप्रचलित कानूनों की पहचान करके उन्हें समाप्त करना तथा सशस्त्र बलों में देश के अपने लोकाचारों को शामिल करना प्रमुख है। रणनीतिक कार्यक्षेत्रों में सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर भी चर्चा होगी।





### प्रिंस गिरोह के 10 सदस्य गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद के व्यवसायियों से धमकी देकर पैसा वसूलने वाले प्रिंस खान के 10 गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए बदमाशों में एक महिला भी शामिल है, जो पैसों के लेन देन में अहम भूमिका निभाती थी। धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि वासेपुर के मखदुमी रोड के रहने वाले सद्दाम अंसारी और उसकी पत्नी नरगीश बानो अपने साथियों के साथ मिलकर प्रिंस खान के लिए पैसों की उगाही का काम करता था और विभिन्न बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर कर दिया करता था। उन्होंने बताया कि अभी तक एक करोड़ की राशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर प्रिंस खान के पास पहुंचाया जा चुका है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक लाख नगद और एक देसी कट्टा भी पुलिस ने बरामद किया है।

चीन, दक्षिण कोरिया व अन्य जगह बने फोन भी कर रहे आपके डाटा की चोरी

## इनहैन्स इंटेलिजेंस सर्विसेज को करें टर्न ऑफ

**आरएनएम। नई दिल्ली**

चीन की फोन बनाने वाली कंपनी रियलमी की पैरेंट कंपनी बीबीके इलेक्ट्रॉनिक्स है। जिसका हेडक्वार्टर चीन के ग्वांगझू में है। लेकिन यह भी जान लीजिए कि वीवो, वनप्लस, ओप्पो, आईक्यूओओ, इन सभी स्मार्टफोन कंपनियों का मालिकाना हक बीबीके इलेक्ट्रॉनिक्स के पास है। और भारत में इन सभी चीनी कंपनियों का फोन बाजार के बड़े हिस्से पर कब्जा है।इन सभी कंपनियों पर ग्राहकों व उपभोक्ताओं के डाटा एक एप्प के मार्फत चुराने का प्रमाण सहित आरोप लगा है। इसके अलावा सैमसंग व इसी तरह की अन्य कंपनियों के बारे में भी आरोप लगा है। क्योंकि डाटा तो सोने का खादान है।इसलिए विशेषकर भारत में उस पर सब डाका डालने में जुटे हैं। क्योंकि विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या व उपभोक्ता तो इसी देश भारत में है।

मामला तब और गरमाया है जब एक ट्विटर यूजर ने रियलमी के फोन में मौजूद एक ऐसे फीचर की जानकारी दी है जो बिना यूजर की जानकारी के डेटा कलेक्ट कर रहा है। रियलमी के फोन में यह फीचर एनहैंस्ड इंटेलिजेंट सर्विसेज है ,जो डिवाइस से जुड़ी जानकारी के अलावा, ऐप यूजेज डेटा और दूसरी यूजर इन्फो बिना यूजर की सहमति के कलेक्ट कर रहा है। ट्विटर पर इस सूचना के बाद सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सरकार इस मामले की जांच और पड़ताल करेगी।

मालूम हो कि सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ओरिजिनल ट्वीट को रीट्वीट करके जांच की बात कही। ओरिजिनल ट्वीट में एक स्क्रीनशॉट शेयर किया गया है जिसमें चीन के स्मार्टफोन ब्रैंड रियलमी के खिलाफ बिना यूजर सहमित के ऑटोमैटिक एन्हांस्ड इंटेलिजेंस सर्विसेज फीचर ऑन होने की जानकारी दी गई है। इस ट्वीट को ऋषि बागरी नाम के एक यूजर ने शेयर किया है। ऋषि को सोशल मीडिया पर एकतरफा कॉन्टेंट शेयर करने के लिए जाना जाता है।ओरिजिनल ट्वीट में कहा गया है कि एन्हांस्ड इंटेलिजेंस सर्विसेज ऑप्शन डिफॉल्ट तौर पर ऑन रहता है। और इस फीचर का इस्तेमाल भारतीय यूजर्स के डेटा जैसे कॉल लॉग, शेष पृष्ठ 11 पर



### सैमसंग के फोन भी कलेक्ट कर रहे डाटा

**लेकिन** यह फीचर सिर्फ चीनी स्मार्टफोन ब्रैंड तक ही सीमित नहीं है। सैमसंग गैलेक्सी एस20 एसई स्मार्टफोन की प्राइवेसी सेटिंग्स देखने पर पाया गया कि दक्षिण कोरियाई कंपनी के फोन में भी इसी तरह का एक फीचर सेंड डाइग्नोस्टिक डाटा डिफॉल्ट तौर पर ऑन था। सैमसंग की बात करें तो फोन में इस डायग्नोस्टिक डेटा के साथ आपके फोन की दूसरी जानकारी भी शेयर कर ली जाती है। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर कंपनियां, यूजर्स के फोन से डेटा क्यों कलेक्ट कर रही हैं? यूजर डेटा कलेक्ट करने के बारे में कंपनियों की प्लानिंग क्या है? यदि यह फंक्शन प्रॉडक्ट के लिए जरूरी है और इससे सर्विसेज पर असर पड़ता है ,तो फीचर ऑन करने से पहले यूजर की सहमति क्यों नहीं ली जा रही। क्या इसको सरकारों से शेयर कर रही हैं?

## आईईडी बम की चपेट में आने से किशोर की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिले में गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रेला गांव के पास रविवार सुबह आईईडी बम ब्लास्ट से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई है। मृतक की पहचान 17 वर्षीय बिष्णु होनहागा के रूप में कई गई है। जानकारी के अनुसार बिष्णु सुबह के वक्त जंगल गया था। इसी दौरान नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी बम के चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि आईईडी बम पर उसका दाहिना पैर पड़ गया था, जिससे उसके पैर के चिथड़े उड़ गए और घटनास्थल पर ही उसने दम तोड़ दिया।

वहीं जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने फौरन घटना की जानकारी गोइलकेरा पुलिस को दी। लेकिन सुदूर जंगल होने के कारण पुलिस घटनास्थल के लिए रवाना नहीं हो सकी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस सोमवार को सीआरपीएफ जवानों की टुकड़ी के साथ घटनास्थल के लिए रवाना होगी। बता दें कि नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईईडी बम की चपेट में आने से अब तक सात ग्रामीणों की मौत हो चुकी है और कई लोग घायल हो गए हैं। इसके साथ ही पश्चिम सिंहभूम पुलिस बल और सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।



### कुख्यात अपराधी दाहू यादव के बारे में बाबूलाल मरांडी ने कहा-

# खोजबीन का नाटक कर रही है झारखंड पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का कहना है कि उनके ट्वीट पर प्रदेश सरकार नजर रखती है। वे जब भी कुख्यात दाहू यादव के आतंक की चर्चा करते हैं, तो फरार चल रहे इस अपराधी की खोजबीन का पुलिस को नाटक करने का आदेश दिया जाता है। अब फिर उसे पकड़े जाने का मॉक ड्रिल शुरू किया गया है। रविवार को बाबूलाल ने ट्वीट करते हुए प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इसका होना क्या है, कुछ नहीं। यह राज्य की पुलिस के हाथ नहीं आएगा। केंद्रीय एजेंसियां चाहें तो इसे पकड़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को



उनके अन्य ट्वीट्स और पत्रवीर बोलकर उनकी चिट्ठियों का उपहास उड़ाने के बदले गंभीरता दिखानी चाहिए थी। ऐसा नहीं करने के चलते ही राज्य इतनी बदहाल स्थिति में पहुंचा है। सरकार की ऐसी दुर्गति और थू-थू हो रही है। बाबूलाल मरांडी ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि झामुमो का नया नारा आया है। प्रण है हमारा-हेमंत दुबारा। इस पर तंज कसते उन्होंने कहा कि आखिर झामुमो का प्रण क्या है वास्तव में प्रण है फिर झारखंड को लूटने का। फिर बिचौलियों को पूजने का। अवैध कोयला, बालू, पहाड़ बेचने का। जनता को चूसने का, फिर लूटने का। दलालों के हाथों में सत्ता देने का। राजस्व चोरी का, धनउगाही का. अपराधियों, माफियाओं को पोषित करने का। फिर एक बार जंगलराज लाने का। जन जन को डराने का। झारखंड को खंडहर बनाने का। विनाश लाने का, बबार्दी का इतिहास बनाने का।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का हुआ वितरण

**रांची।** रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा (श्री राधा-कृष्ण)जी भगवान संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज प्रणामी समाज के गुरुजनो के आशीर्वाद एवं संस्था के सेवाभावी सदस्यों एवं समाज के सेवाभावी धर्म प्रेमीजनो के सौजन्य से अभी तक लगातार 91 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण किया जा चुका है।आज रविवार 18 जुन 2023 को 92 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण कर सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

# झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने गर्मी की छुट्टी बढ़ाने पर शिक्षा सचिव का अभार व्यक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रदेश प्रवक्ता संजय सर्राफ ने झारखंड में बढ़ते गर्मी को देखते हुए झारखंड सरकार के शिक्षा सचिव के. रवि कुमार के द्वारा झारखंड के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों की छुट्टी बढ़ाये जाने का स्वागत करते हुए झारखंड अभिभावक संघ ने झारखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने झारखंड के शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य में सभी जिलों में भीषण गर्मी को देखते हुए गर्मी की छुट्टी बढ़ाने की मांग की थी। ज्ञापन में कहा गया था कि बढ़ते गर्मी के कारण अभिभावकों, शिक्षकों एवं बच्चों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे बीमार पड़ रहे हैं।इस परिस्थिति में अभी जो तपती गर्मी की स्थिति है उसमें बच्चे या शिक्षक कैसे स्कूल जा पाएंगे। एक और सरकार लोगों को चेतावनी दे रही है कि गर्मी में जरूरत पड़ने पर घर से निकले गर्मी से बचे,वहीं दूसरी ओर बच्चे और शिक्षक इस गर्मी में स्कूल कैसे जाएंगे। इस परिस्थिति में जब तक मानसून ब्रेक नहीं हो जाता तब तक स्कूल की छुट्टियां बढ़ा दी जाए ताकि बच्चों को गर्मी की लू से बचाया जा सके। राज्य सरकार ने पूरे झारखंड में भीषण गर्मी को देखते हुए एवं गर्मी के कारण बच्चों को हो रही तकलीफो को देखते हुए 3 चरणों में 10 से 12 दिनों तक गर्मी की छुट्टी बढ़ाने से सभी को बहुत राहत हुआ है। झारखंड सरकार ने सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों की गर्मी छुट्टी 21 जून तक बढ़ा दी है।

### जेईई एडवांस 2023 में डीपीएस रांची का शानदार प्रदर्शन

# किसलय ऑल इंडिया रैंक में 519 के साथ रहे टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर जेईई एडवांस 2023 में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन करके अपनी योग्यता साबित की है। इस अवसर पर किसलय ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 519 रैंक के साथ टॉपर बने एवं विद्यालय का नाम रौशन किया।

इसी के साथ - साथ जिन विद्यार्थीगण ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है उनमे धृति बरनवाल (एआईआर 544), निशांत रंजन (एआईआर 627), आर्यन कुमार सिंह (एआईआर 1294), अपूर्वा ओजस्वी (एआईआर 1357), प्रतीक रतन




(एआईआर 1382), अर्नव प्रतिव (एआईआर 2554), अक्षित अभिनव कुजूर (एआईआर 2983), इशिता बेदी (एआईआर 3315) और जय कुमार (एआईआर 3612) शामिल है। साथ ही, अक्षित अभिनव कुजूर ने एसटी रैंक-22 हासिल किया एवं एलेक्स सिंह ने एसटी रैंक-59 प्राप्त किया है। विद्यालय परिवार इस बात को लेकर आशान्वित है की विद्यालय के 50 से ज्यादा विद्यार्थी इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित करेंगे क्यों कि परिणामों का आना जारी है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्राचार्य डॉ राम सिंह अत्यंत हर्षित एवं अभिभूत दिखे। उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और विद्यार्थियो के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी। साथ ही, सफल प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## हनुमान मंदिर चुटिया में मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए रघुवर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रविवार को चुटिया के सांई कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में मंडलवासियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद लोगों को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को नियमित तौर पर सुनना एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है। इस दौरान उन्होंने आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस को सफल बनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में स्वस्थ रहना सबसे बड़ा धन है। प्राचीन समय से योग भारतीयों के जीवन का हिस्सा रहा है। मोदी जी ने विश्व में योग का प्रसार कराया। प्रधानमंत्री जी की अपील के अनुरूप सभी लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ रहें। मन की बात कार्यक्रम में इमरजेंसी को लेकर किए गए जिक्र पर रघुवर दास ने कहा कि इमरजेंसी किस सरकार ने लगाई थी, ये सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि हम 25 जून को कभी भुला नहीं सकते। यह वही काला दिन है जब हमारे देश पर इमरजेंसी थोपी गई थी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी को इसके बारे में बताएं ताकि फिर कभी कोई और देश पर इमरजेंसी थोपने की हिमाकत ना कर सके। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुजीत शर्मा, वरुण साहू, गुरविंदर सिंह सेठी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।



## अनिल शर्मा को इलाज के लिए रिम्स भेजने की मांग

रांची। रिम्स में इलाजरत सजायाफ्ता अनिल शर्मा को रिम्स से एम्स रेफर करने की मांग परिजनों ने की है। अनिल शर्मा की पत्नी नीलम शर्मा ने कहा है कि मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा के एक माह बाद भी उनके पति को एम्स रेफर नहीं किया जा रहा है। मेडिकल बोर्ड ने 15 मई को बेहतर इलाज के लिए उच्चतर संस्थान ले जाने की अनुशंसा की थी। नीलम शर्मा ने कहा कि उनके पति को हार्ट अटैक आया था। तब ब्लाकेज 85-90 प्रतिशत मिला था, ऐसे में ऑपरेशन की आवश्यकता थी। नीलम शर्मा ने कहा है कि अगर उनके पति को कुछ होता है तो अब इसके लिए जेल आईजी जिम्मेदार होंगे।

## वादे के अनुरूप सहायक पुलिसकर्मियों की मांगे माने सरकार : रघुवर दास

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सहायक पुलिसकर्मियों के संबंध में सरकार द्वारा किए गए वादों के अनुरूप मांगे मानने का आग्रह किया है। अपने पत्र में दास ने लिखा है कि सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर अपनी समस्याओं को रखते हुए एक आवेदन दिया है। रघुवर दास के कार्यकाल के दौरान 12 नक्सल प्रभावित जिलों में 2500 सहायक पुलिसकर्मी की बहाली की गई थी। रघुवर दास ने मुख्यमंत्री को लिखा है कि सहायक पुलिसकर्मियों का उपयोग व्यापक स्तर पर किया भी जा रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि आपके कार्यकाल में सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधिमंडल की राज्य सरकार के साथ दो बार वार्ता हुई। अंतिम बार 02 नवंबर 2021 में लिखित वार्ता हुई थी।

## सरला बिरला के छात्र जेईई एडवांस्ड 2023 में सफल हुए




**रांची।** सरला बिरला के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हमारे स्कूल के कृष काव्या (एआईआर 2059), वेदांश लखानी (एआईआर 2739), आशी गुप्ता (एआईआर 4624), अंश जालान (एआईआर 13511) तथा अनमोल जैन (एआईआर 19341) जेईई एडवांस्ड 2023 में सफल हुए। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आषाढ़ अमावस्या पर खाटू नरेश के महास्नान अनुष्ठान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आप के दर्शन हमको दे दो श्याम जैसे कर्णप्रिय भजनों से स्वर से हरमू रोड का श्याम मंदिर गूंज रहा था। भक्तजन भाव विभोर होकर खाटू नरेश के श्याम रूप को निहार रहे थे। अवसर था आषाढ़ अमावस्या पर खाटू नरेश के महास्नान अनुष्ठान पर्व का। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि अमावस्या के अवसर पर रविवार को खाटू नरेश को गंगाजल गुलाब जल दूध दही गुड केसर आदि के मिश्रण से वैदिक रीति से महास्थान करा कर जनेऊ बदला गया। नवीन पोशाक पहनाकर रजनीगंधा लाल गुलाब लाल गेंदा तुलसीदल की मोटी मोटी पुष्पमाला से खाटू नरेश को



सजाया गया। गुलाब के विशेष रूह से खाटू नरेश का मसाज किया गया। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार बजरंगबली व गुरुजनों को भी नवीन पोशाक पहना कर फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा व मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा के नेतृत्व में महास्नान एवं विशेष श्रृंगार अनुष्ठान हुआ।

### ओबीसी को विभिन्न समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है : राजेश

**रांची।** राज्य में ओबीसी संवर्ग के अधिकारी / कर्मचारियों को विभिन्न समस्याओं से गुजरना पड़ता है। मामला चाहे तबादले का हो, प्रमोशन का हो उनके साथ भेदभाव बरती जाती है और कई जगहों पर प्रताड़ित भी किया जाते है। ऐसी परिस्थिति में उनके समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक विंग के रूप में राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी/ कर्मचारी मोर्चा का गठन करेगा। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में रविवार को ओबीसी संवर्ग के अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि ओबीसी अधिकारी /कर्मचारियों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कड़ा विरोध करेगा। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी / कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश स्तरीय कमेटी गठित करने के लिए 15 सदस्यीय संयोजक मंडली बनाया गया है।

# मन की बात के जरिए योग दिवस को सफल बनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के जरिए भाजपा नेताओं ने विश्व योग दिवस को सफल बनाने की अपील की है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने चाईबासा प्रवास के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मन की बात का 102 वां संस्करण देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विदेश दौरे के बावजूद मन की बात कार्यक्रम को स्थगित नही किया जो उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह कार्यक्रम जनता का एक बौद्धिक खुराक बन चुका है। दीपक प्रकाश ने कहा कि 102वें संस्करण में भारत की प्रकृति, पर्यावरण, प्रगति और जनता के सार्थक प्रयासों को उजागर किया गया है। वहीं रांची में चुटिया के सांई कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने मन की बात कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के बाद लोगों को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को नियमित तौर पर सुनना एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम है। इस दौरान उन्होंने आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस को सफल बनाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में स्वस्थ रहना सबसे बड़ा धन है। प्राचीन समय से योग भारतीयों के जीवन का हिस्सा रहा है। मोदी जी ने विश्व में योग का प्रसार कराया। प्रधानमंत्री जी की अपील के अनुरूप सभी लोग योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ रहें।

### राजनीति | पूर्व भाजपा नेता लोकहित अधिकार पार्टी में हुए शामिल

# ‘भाजपा लोकतंत्र को समाप्त कर देना चाहती है’

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के गोकुल पैलेस अरसण्डे में लोकहित अधिकार पार्टी की प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम ने किया। उक्त मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी डाक्टर जगन्नाथ प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। पूर्व भाजपा नेता हरिनाथ साहू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए ! प्रदेश प्रभारी डाक्टर जगन्नाथ प्रसाद और प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने लोकप्रिय नेता हरिनाथ साहू एवं समर्थकों को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी डाक्टर जगन्नाथ प्रसाद ने कहा कि



हरिनाथ साहू जी के पार्टी में शामिल होने पर राँची जिला समेत पूरे झारखण्ड प्रदेश में पार्टी को मजबूती मिली है। विशेष कर दक्षिण छोटानागपुर प्रमण्डल में पार्टी का जनाधार बहुत तेजी से बढ़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि हमारी पार्टी सामाजिक न्याय की हिमायती है। आम जनता को शिक्षा और चिकित्सा पूरी तरह निःशुल्क मिले। इसके लिए जल्द ही पार्टी आंदोलन करेगी। पार्टी में शामिल होने के बाद हरिनाथ साहू ने कहा कि भाजपा में अंदरुनी भेदभाव अत्याधिक है। जितना नेता उतना गुट चलता है। इतना ही नहीं हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के नाम पर भाजपा लोकतंत्र को समाप्त कर देना चाहती है। ऐसे में मेरे लिए भाजपा में बने रहना बिल्कुल सम्भव नहीं था। अब लोकहित अधिकार पार्टी के बैनर तले लोकतंत्र को बचाने और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करूंगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू जी के कुशल नेतृत्व में पार्टी का संगठन विस्तार तीव्र गति से हो रहा है और अब हरिनाथ साहू जी के पार्टी में शामिल होने पर संगठन शक्ति और अधिक बढ़ जाएगी।

पार्टी में शामिल होने वाले मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता हरिनाथ साहू जी समेत , विपेंद्रनाथ शाहदेव, भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अर्जुन चौधरी, प्रदेश युवा नाई संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजू ठाकुर, पूर्व भाजपा नेता प्रदीप ठाकुर, मुकुल नायक, रामविलास साहू आदित्य साहू ब्रजकिशोर कुमार, नरेंद्र साहू, रुपाली मुण्डा , रेणु देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा कांके मंडल उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति, बलदेव साहू, मीना देवी, नेहा ठाकुर, बेनी साहू, श्रीमती रीना सिंह, सुमन महतो, सपना देवी, आशिक अंसारी, सावित्री देवी, सुनीता देवी, अनीता तिर्की, उमेश साहू, शंकर साहू,रामानंद ठाकुर अनिता देवी, आनंद महतो, संतु प्रजापति,इत्यादि सैकड़ों लोग शामिल रहें।

### महेश बने तैलिक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष व रौशन बने रांची जिलाध्यक्ष

**रातू।** झारखंड तैलिक साहू महासभा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कश्यप की अध्यक्षता में हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुई । बैठक मे अखिल भारतीय तेलिक साहु महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता, झारखंड प्रभारी मुकेश नंदन, झारखंड इकाई के सभी जिलाध्यक्ष , प्रदेश कमिटी के सदस्य सहित प्रदेश के डेलिगेट मौजूद रहें। चुनाव पर्यवेछक सह मुख्य अतिथि के रुप मे संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता ने एक वर्ष के लिए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में महेश महतो के नाम की घोषणा की । श्री गुप्ता ने पूरे झारखंड प्रदेश से आये हुए प्रतिनिधियों से लम्बी मंत्रणा की , चार घंटे चली मैराथन बैठक के बाद सर्वसम्मति से श्री महतो के नाम पर मुहर लगी। मौके पर तेली समाज की सियासत में राजनैतिक भागीदारी पर चिंतन व्यक्त किया गया । वक्ताओं ने संगठन को दुरुस्त कर आबादी के हिसाब से राजनितिक दलों से हिस्सेदारी पर जोर दिया।

# जगन्नाथपुर रथ मेला में मारवाड़ी सहायक समिति सेवा प्रदान करेगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मारवाड़ी सहायक समिति के द्वारा रथयात्रा के अवसर पर जगन्नाथपुर मेला में सेवा प्रदान करेगी। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया एवं जगन्नाथपुर रथ मेला के संयोजक संजय सर्राफ एवं मनीष लोधा ने संयुक्त रुप से कहा है कि समिति अपने स्थापना समय से ही जगन्नाथपुर रथ मेला में अपना योगदान देते आ रहा है।जिसमें प्रमुख रुप से इस बर्ष भी 19 जून को संध्या 4 बजे नेत्र दान उत्सव में भगवान का पुष्प का भव्य श्रृंगार एवं विशेष भोग के साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा। 5 बजे शाम को 108 महाआरती के साथ सर्व दर्शन सुलभ होंगे। 20 जून को मंगलवार को रथ यात्रा के दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में फूलों का अलोकिक एवं भव्य श्रृंगार, रथ का श्रृंगार, साउंड एंव लाइट की व्यवस्था की जाएगी। तथा विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ का आयोजन एवं 251 किलो बुंदिया का भोग लगाया जाएगा एंव प्रसाद का वितरण किया जाएगा।साथ ही आनेवाले श्रद्धालु भक्तों के लिए शिविर में चना एवं पानी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने लोगों से समस्त कार्यक्रमों मे भाग लेने तथा सेवा शिविर में आकर अपना योगदान देने का अनुरोध किया है। प्रसाद भोग की तैयारियों में सेवाधारी मुकेश वर्मा, दिलीप मिश्रा, जोगेश्वर वर्मा, ओम प्रकाश पांडे, गुड़िया देवी, लक्ष्मण यादव, सुभाष चौरसिया आदि लगे हुए हैं यह जानकारी मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## बंधु तिर्की आदिवासियों की आवाज हैं

# उनके खिलाफ मनगढ़ंत शिकायत बर्दाश्त नहीं: पड़हा राजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला के बेड़ो प्रखंड मुख्यालय में पिछले दिनों बंधु तिर्की पर लगे आरोप को लेकर कई आदिवासी संगठन के लोगों ने बैठक की। इस बैठक में पड़हा समिति के लोगों ने उनका समर्थन किया। बैठक में 12 पड़हा राजा प्रो करमा उरांव ने कहा कि अपने लंबे राजनीतिक करियर के दौरान बंधु तिर्की ने मांडर विधानसभा क्षेत्र के आदिवासियों और मूलवासियों को अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए संघर्ष करना सिखाया और मार्ग दर्शन किया। बंधु तिर्की की राजनीतिक कार्यप्रणाली और उनके काम करने के अंदाज के साथ ही भावनात्मक रूप से आदिवासियों के साथ उनका जुड़ाव है। इसी के कारण ही आज लाखों आदिवासी परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और वे पहले के मुकाबले ज्यादा जागरूक हुए हैं। उनके खिलाफ झूठी-मनगढ़ंत शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

'आदिवासी अब जागरूक हो गये हैं': वहीं बैठक में मौजूद जिला परिषद सदस्य बेरोनिका उरांव ने कहा कि वैसे तो पूरे झारखंड लेकिन विशेष रूप से मांडर, बेड़ो और चान्हो के आदिवासी अब जागरूक हो गये हैं। अब यह बिल्कुल सही समय है कि इन्हें ठगने, इनके साथ जालसाजी कर पैसे की अवैध उगाही करने वाले पर जांच कर कार्रवाई हो। वहीं सात पड़हा संरक्षक पंचु मिंज ने कहा कि बंधु तिर्की पर आरोप लगाने वाले लोगों को पहले यह बताना चाहिये कि देवराज भगत और मुकेश कौन है। आदिवासी के पवित्र सरना स्थल के सौंदर्यीकरण, मसना स्थल की घेराबंदी और धूमकुरिया निर्माण के लिये किन लोगों ने कितने पैसे की उगाही की है। इसे जानने का अधिकार भी मांडर, बेड़ो और चान्हो के आम ग्रामीणों को है।

'आदिवासियों के भोलेपन का फायदा उठाया गया': आदिवासी लोहरा समाज अध्यक्ष सोमरा लोहरा ने कहा कि लंबे समय से आदिवासियों और मूलवासियों के भोलेपन का बहुत बुरे तरीके से फायदा उठाया गया और इसका खामियाजा केवल और केवल आदिवासियों और मूलवासियों को ही उठाना पड़ा है। पड़हा समाज के संजय कच्छप ने कहा कि, जब तक दोषी तत्वों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती और गरीब आदिवासियों से वसूले गए रकम को वापस नहीं किया जाता है। तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में कई आदिवासी संगठन के अगुआ और बुद्धिजीवी शामिल थे। दरअसल, बंधु तिर्की पर आरोप है कि 10 जून को उन्होंने अपने आवास पर एक सरकारी कर्मचारी, जिसका नाम महादेव उरांव है, उसकी पिटाई की है। इसके बाद अलग-अलग जगहों पर बंधु तिर्की का विरोध हो रहा है और पड़हा समाज के लोग उनका पुतला फूंक रहे हैं। इसी मामले में इन आदिवासी संगठनों ने बंधु तिर्की का समर्थन किया है।

## अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** राहे ओपी पुलिस ने अफीम के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम महेश्वर नाग और पुईतु लोहरा बताया गया है। महेश्वर नाग सोनाहातू के सेरेगडीह और पुईतु लोहरा नामकुम के कुंदा टोली का रहने वाला है। इनके पास से दो किलो 500 ग्राम अवैध अफीम, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि राहे ओपी क्षेत्र के चंदनडीह और माझीडीह के बीच में कुछ तस्कर अवैध रूप से अफीम की खरीद बिक्री करने वाले हैं। सूचना के बाद बुंडू एसडीपीओ अजय कुमार और 26 वाहनी सशस्त्र सीमा बल के कंपनी कमांडर मंटू कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए माझीडीह पेट्रोल पंप के पास से दोनों तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि बरामद अफीम का बाजार मूल्य ढाई लाख रुपए है।

## पटना में विपक्ष की होने वाली बैठक पर रघुवर दास का तंज, कहा-

# दिलजले और भ्रष्टाचारी कर रहे मीटिंग




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

23 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर पटना में 18 विपक्षी दलों की बैठक होने वाली है। पीएम मोदी के खिलाफ मजबूत विपक्षी एकता बनाने के लिए होने वाली है। इस बैठक को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने निशाना साधा है। रघुवर दास ने पटना में विपक्षी दलों की होने वाली बैठक को पीएम बनने का सपना देखने वाले दिलजले लोगों की बैठक करार दिया है। पटना में विपक्षी दलों की होने वाली बैठक के बारे में रांची में रघुवर दास ने कहा कि जिस तरह से दुनिया भर में पीएम मोदी के व्यक्तित्व की वजह से डंका बज रहा है, उससे विपक्षी दलों के नेता घबराए हुए हैं। उन्हें यह लगता है कि कैसे एक गरीब पिछड़े समाज से आने वाले पीएम मोदी के व्यक्तित्व की चर्चा दुनिया भर में हो रही है। इसलिए वे लोग मोदी हटाओ-भाजपा हटाओ का नारा लगा रहे हैं।

वंशवादी और भ्रष्टाचारी पार्टियों के नेताओं की होने वाली है बैठकः रघुवर दास ने कहा कि वंशवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों के नेता चाहे वह कांग्रेस हो, झामुमो हो, लालू प्रसाद की पार्टी हो या सपा, टीएमसी हो, ये सभी वंशवादी और भ्रष्टाचारी पार्टियां हैं, इन्होंने 50 साल तक देश और राज्य को लूटा है। रघुवर दास ने कहा कि जब मोदी जी ने 'न खाऊंगा न खाने दूंगा के नारे' के साथ कार्रवाई शुरू की है, तब ऐसी भ्रष्ट पार्टियां पीएम मोदी के खिलाफ एकजुट हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में चार वर्षों से महागठबंधन की लुटेरी सरकार चल रही है। वहीं, रघुवर दास के बयान को हताशा में दिया बयान करार देते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि विपक्ष की एकजुटता की वजह बीजेपी के नेता हताश हैं।

# आजसू 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी : डॉ. देवशरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि आजसू पार्टी 22 जून को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनाएगी। संकल्प दिवस की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान राज्य गठन के उद्देश्य का मूल्यांकन करते हुए राज्य की दिशा और दशा पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आजसू पार्टी के नेता और पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित भी करेंगे। 13 जुलाई 2023 तक भी विधानसभा में जनपंचायत आयोजित की जाएगी। इसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो शामिल रहेंगे। अलग अलग विधानसभा में पार्टी के पदाधिकारी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। भगत रविवार को रांची के हरमू रोड स्थित केंद्रीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संकल्प दिवस को लेकर सभी नेताओं को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जिम्मेदारी दी गई है। इनमें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो रांची, खिजरी एवं सिल्ली, जबकि डुमरी और रामगढ विधानसभा में चंद्रप्रकाश चौधरी एवं सुनिता चौधरी, गोमिया विधानसभा में लम्बोदर महतो, बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा में उमाकांत रजक सहित अन्य शामिल है।

## वैश्य मोर्चा कोर कमिटि की बैठक आयोजित

# कई ज्वलंत मुद्दों पर की गयी चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को कांके प्रखंड के सुकुरहुट्टू ग्राम में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवास पर झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की केंद्रीय कोर कमिटि की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। बैठक में 6 जुलाई को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले महाधरना कार्यक्रम की तैयारी सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों, व्यवसायियों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, वैश्यों को निशाना बनाने के खिलाफ आंदोलन और अभियान को सफल बनाने के लिए वैश्य मोर्चा के हर पदाधिकारियों को अपनी-अपनी जवाब देही पूरा करना होगा। बैठक में तय किया गया कि सभी स्तर के पदाधिकारी नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर 6 जुलाई के महाधरना में शामिल होने के लिए अपने-अपने क्षेत्र से ट्रेन या अन्य साधन का उपयोग करेंगे।

बैठक में कहा गया कि ओबीसी को 27% आरक्षण देने के सवाल पर सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे के पाले में फुटबाल डाल कर पिछड़ा वर्ग के साथ धोखेबाजी कर रही है। लेकिन वैश्य मोर्चा चुपचाप बैठने वाली नहीं है। वैश्य मोर्चा हर स्तर पर लड़ाई लड़ने को तैयार है। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर ओरमांझी प्रखंड स्थित 'वाईल्ड वादी वॉटर पार्क' के मालिक शैलेन्द्र जायसवाल के साथ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गयी मारपीट की कड़ी निंदा की गयी और सरकार से उन्हें सुरक्षा प्रदान करने तथा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की गई। बैठक के अंत में केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं देवघर निवासी प्रमोद चौधरी के माता जी के निधन पर दो मिनट मौन रख कर शोक प्रकट किया गया और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मण साहु, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद साहु, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, रामाशंकर राजन, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य कृष्णा प्रसाद साहु, नरेश साव, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु, मुकेश शर्मा उपस्थित थे।

## वुडबॉल टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार मिला रांची डायमंड टीम को

**रांची।** झारखंड राज्य वुडबॉल संघ और सामाजिक संस्था तान्याज हेल्पिंग वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित वुडबॉल टूर्नामेंट का रविवार को धूमधाम के साथ समापन किया गया। टूर्नामेंट रांची कॉलेज में आयोजित किया गया था। इस टूर्नामेंट में पूरे राज्य से छह टीमों में सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार रांची डायमंड की टीम के शुभम, अजीत, गीता, ललिता ने प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर वुडबॉल ब्लास्टर के अंकित, निक्की, रेशमी, आशुतोष रहे। तीसरा स्थान वुडबॉल राइनोज के बंटी टोप्पो, डबलू मुंडा, राजेश गोप, नीरा कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीके लाल, एम.एम. सिद्धिकी, भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, विवेकानंद यूथ क्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, विशाल कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड की 7 वर्षीय आशाइन जुरिएल ने कराटे में दो पदक जीते



**रांची।** झारखंड की 7 वर्षीय खिलाड़ी आशाइन जुरिएल मिंज ने कराटे में दो पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चल रहे इंडिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए रविवार का दिन खास रहा। झारखंड की खिलाड़ी आशाइन जुरिएल ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए सात वर्ष आयु वर्ग के कुमिते में रजत और काता में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। आशाइन ने कुमिते में श्रीलंका के खिलाड़ी को सेमीफाइनल राउंड में छह अंक के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि फाइनल राउंड में बांग्लादेश के खिलाड़ी से एक अंक के अंतर से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा आशाइन ने काता में कांस्य पदक जीता है। मौके पर विश्व कराटे संघ के तकनीकी आयोग के सदस्य भरत शर्मा ने रजत पदक पहनाकर आशाइन को सम्मानित किया।

## निःशुल्क शिक्षा व चिकित्सा व्यवस्था के लिए होगा आंदोलनः सुनील

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को कांके के अरसंडे में हुआ। भाजपा के पूर्व नेता हरिनाथ साहू समर्थकों के साथ संगठन में शामिल हुए। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जगन्नाथ प्रसाद व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने हरिनाथ व अन्य का माला पहनाकर संगठन में स्वागत किया। डॉ जगन्नाथ ने कहा, हरिनाथ के संगठन में आने से रांची जिला समेत छोटानागपुर में संगठन का जनाधार और बढ़ेगा। वहीं, साहू बोले, संगठन सामाजिक न्याय का पक्षधर है। आम लोगों को शिक्षा व चिकित्सा निःशुल्क दिलाने के लिए आंदोलन किया जाएगा। पार्टी में शामिल होने पर हरिनाथ ने कहा कि भाजपा में अंदरुनी भेदभाव ज्याद है। जितने नेता हैं उनके उतने गुट चलते हैं।

## सात दिवसीय नाट्य नृत्य व चित्रकला कार्यशाला का हुआ समापन

# नाटक से जीवन में मिलती है सीख : डॉ. प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमंडल एवं नाट्य अकादमी और बिरसा महाविद्यालय खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय नाट्य नृत्य एवं चित्रकला कार्यशाला का समापन रविवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। काय्रक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोमनाथ मुंडा, द्वितीय स्थान आशीष महतो एवं तृतीय स्थान अंजलि कुमारी को मिला। उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। झारखंड की लोक संस्कृति की विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए सुंदर झारखंड गीत पर कार्यशाला के दौरान तैयार किया गया नृत्य भाग्यवती कुमारी, अंजलि कुमारी, रिया कुमारी, स्मृति ओड़ेया, मिकी भांगड़ा द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाटक एक लोटा पानी रहा, जिसकी परिकल्पना एवं निर्देशन संस्था के सचिव एवं निर्देशक डॉ दीपक प्रसाद ने किया। डॉ प्रसाद ने कहा कि इस नाटक के माध्यम से मनुष्यों में संयम रखने के बारे में बताया गया है। उसे सही जीवन की राह दिखाई। नाटक के मूल कथानक में एक गांव की महिला जिसने संयमित होकर दूध से घी जमा किया और बाजार जाते समय उसे घी के बर्तन की किसी अन्य व्यक्ति ने चोरी कर ली। तब मामला कोर्ट में जाता है और जज के पास यह समस्या आने पर जज साहब ने बड़ी होशियारी से इसका निदान निकाला। उन्होंने दोनों को कीचड़ से अपने बेटे के जूते को खोज लाने को कहा। जब दोनों कीचड़ से लथपथ होकर के जज के पास पहुंचते हैं, तो उन्होंने अपने सहयोगी से दोनों को एक-एक लोटा पानी देने को कहा। महिला एक लोटा पानी में अपने सारे अंग वस्त्र साफ कर लेती है और कुछ पानी बचा भी लेती है। वहीं व्यक्ति एक लोटा पानी के अलावा और कई बाल्टिया पानी खर्च कर देता है।

# चलती कार में लगी अचानक आग, बाल- बाल बचे लोग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चान्हो थाना क्षेत्र के एनएच-39 पर शनिवार की देर रात एक चलती कार में अचानक आग लग गई। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत कार को सड़क पर ही रोक दिया और कार में बैठे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सभी कार सवार के बाहर निकलते ही आग की लपटें और तेज हो गई। देखते ही देखते आधे घंटे में ही कार पूरी तरह से जल गई। आग लगने की सूचना पर चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही कार पूरी तरह से जलकर राख हो गयी। बताया जाता है कि चान्हो निवासी रतन साहू अपने परिवार के सदस्यों के साथ किराये की कार लेकर एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए लोहरदगा जा रहे थे। इसी दौरान चान्हो एनएच- 39 के पास स्थित पकरियो के समीप कार के पिछले हिस्से में आग लग गई।

**नुकसान** | बढ़ती गर्मी से गड़बड़ा रहा लोगों का मानसिक संतुलन

# हार्ट अटैक के बढ़ने का भी रहता है पूरा खतरा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिम्स के न्यूरो विभाग में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। रिम्स न्यूरो विभाग के चिकित्सक डॉक्टर रुपेश बताते हैं कि अमूमन गर्मी के मौसम में लोग अस्पताल नहीं पहुंचते हैं। गर्मी की वजह से लोगों को कई अन्य शारीरिक समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। इसीलिए ज्यादातर लोग गर्मी के मौसम में अस्पताल या फिर कहीं जाने से परहेज करते हैं। इस वर्ष की यदि बात करें तो रिम्स के न्यूरो विभाग में मरीजों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई है। डिप्रेशन, एंजाएट के साथ-साथ न्यूरो से जुड़ी कई बीमारियों की शिकायत लेकर लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं।राजधानी के प्रख्यात मनोरोग विशेषज्ञ डॉ। अशोक प्रसाद बताते हैं कि जिस प्रकार से गर्मी बढ़ रही है, ऐसे में लोगों को डिहाइड्रेशन की शिकायत होती है। उन्होंने एक स्टडी का हवाला देते हुए बताया कि हाल फिलहाल में किए गए एक रिसर्च के अनुसार अत्यधिक डिहाइड्रेशन होने की वजह से शरीर का खून मोटा हो जाता है। खून मोटा होने के कारण ब्लड के थक्के जमने लगते हैं। जो हार्ट अटैक और न्यूरो से संबंधित बीमारियों को बढ़ावा देता है। राजधानी के प्रख्यात मनोरोग विशेषज्ञ डॉ अशोक प्रसाद बताते हैं कि यदि शरीर में पानी की कमी होती है और तापमान अत्यधिक है तो निश्चित रूप से न्यूरो से जुड़े बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। इन दिनों लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण कई ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिन्हें चिड़चिड़ापन की शिकायत है तो कोई बिना मतलब के गुस्सा करते नजर आता है।वहीं रिम्स के न्यूरो विभाग में कार्यरत चिकित्सक डॉ। रुपेश बताते हैं कि गर्मी का मौसम आते ही सबसे ज्यादा माइग्रेन के मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। वहीं डॉक्टर रुपेश ने बताया कि वैसे भी मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है जिनकी नसों में परेशानी है। लेकिन सबसे ज्यादा सिर दर्द से जुड़े मरीज अस्पताल में पहुंच रहे हैं। वहीं रिम्स के कर्मचारियों ने भी बताया कि बढ़ती गर्मी की वजह से अन्य विभागों में मरीजों की संख्या जरूर कम है। लेकिन रिम्स के न्यूरो ओपीडी में मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। यदि प्रतिदिन 100 मरीज न्यूरो विभाग में दिखाने पहुंचते थे, तो बढ़ती गर्मी की वजह से प्रतिदिन 150 से 175 मरीज न्यूरो ओपीडी में पहुंच रहे हैं।लोगों को मानसिक बीमारियों की चपेट में आने से बचाने के लिए मनोरोग विशेषज्ञ सुझाव देते हुए बताते हैं कि बिना जरूरी काम के धूप में ना निकले, यदि धूप में निकलना मजबूरी है तो ठंडा पानी और पूरा कपड़ा अवश्य पहने। जिससे कड़ी धूप और तापमान से बचाव हो सके।

**एक रिसर्च के अनुसार अत्यधिक डिहाइड्रेशन होने की वजह से शरीर का खून मोटा हो जाता है। खून मोटा होने के कारण ब्लड के थक्के जमने लगते हैं**

## रांची विवि में योग दिवस की गतिविधियां आज से

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना व स्कूल ऑफ योग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 19 से 21 जून तक आयोजित किया गया है। इसमें योग के महत्व व योगाभ्यास पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए थीम वसुधैव कुटुम्बकम, एक विश्व, एक स्वास्थ्य है। विश्वविद्यालय विभाग व कॉलेज स्तर पर पहले दिन सोमवार को योग का महत्व विषय पर संगोष्ठी, निबंध, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की सूची तैयार की जाएगी। विश्वविद्यालय स्तरीय कार्यक्रम 20 जून को आयोजित किया गया है। इसमें कॉलेज व विश्वविद्यालय विभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों की अंतिम सूची तैयार की जाएगी। इसी दिन सुबह 6 बजे से योग के महत्व पर जागरुकता रैली बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर से निकलेगी और अल्बर्ट एक्का चौक पर समाप्त होगी।

# नीट में डीएवी गांधीनगर के बच्चों का शानदार प्रदर्शन










नवीन मेल संवाददाता। रांची

डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर के छात्रों ने इस वर्ष की नीट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। रोहित कुमार ने सामान्य श्रेणी में 8017, नंदिनी सिन्हा ने 8881, आफताब ऊर्ज 20771, सौम्या प्रिया 10543 तथा तनजिल बकार ने ओबीसी श्रेणी में 1324 स्निग्धा झा एआईआर रैंक 56833 के साथ उत्तीर्णता को प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊंचा किया है। प्राचार्य एसके सिन्हा ने विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ' उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारे विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसके लिए उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों की सहभागिता की सराहना की।

## पश्चिमी सिंहभूम में राज्यपाल ने ग्रामीणों के साथ किया संवाद

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनें : सीपी राधाकृष्णन



नवीन मेल संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में कई कार्यक्रम में शामिल हुए। सबसे पहले राज्यपाल ने जिला के सदर प्रखंड के मटकमहातु ग्राम में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए कहा कि राज्य के विभिन्न जिलों के सुदूरवर्ती ग्रामों के दौरा के क्रम में यह देखा है कि यहां की महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज हैं। वे घर कि चारदिवारी से बाहर निकाल कर स्वावलंबी बनने की दिशा में अग्रसर हैं। अब वे अपना व्यवसाय कर रही हैं और उन्हें पैसों के लेनदेन से भय नहीं लगता है। वे अपना निर्णय स्वयं ले रही हैं और अपना एवं अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। राज्यपाल ने संवाद के क्रम में आंगनबाड़ी की चर्चा होने पर कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को अंडा और दूध देने के संबंध में उपायुक्त से चर्चा की है। इससे बच्चों में प्रोटीन की मात्रा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के अन्य योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को गाय एवं मुर्गियां दी जाती हैं। गौपालक आंगनबाड़ी को दूध आपूर्ति कर सकते है एवं मुर्गीपालक अंडा, इससे उनकी आय में वृद्धि होगी ही एवं आंगनबाड़ी के माध्यम से बच्चों की पोषण विकसित होगा। राज्यपाल ने अपने संस्मरण को साझा करते हुए कहा कि एक प्रदर्शनी में उन्होंने 1000 से अधिक प्रजाति के आमों को देखा था। जापान में विशेष प्रकृति के एक आम का कीमत 40000 एवं भारत में 1000 होता है। यदि हम झारखंड में भी इस तरह का आम उगा सके तो यहां विकास कि एक नई गाथा लिखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि वे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के एक कार्यक्रम में भाग लेंगे और वहां इसकी संभावना तलाशेंगे। राज्यपाल ने उपस्थित जनसमूह को कहा कि अपनी जमीन से होने वाली आय एवं बैंक अकाउंट का उपयोग बच्चों को अच्छी शिक्षा देने में अवश्य करें और उन्हे ड्रॉप आउट नहीं होने दें। सरकार भी इसके लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि चाईबासा जिला झारखंड का एकमात्र ऐसा जिला है जहां के सभी प्रखंड़ों में एकलव्य स्कूल खोले जा रहे हैं। संवाद के क्रम में वहां कि मुखिया ने गांव में किए जा रहे विकास कार्यों के सन्दर्भ में अवगत कराया। मुखिया के द्वारा केज कल्चर से मछ्ली पालन योजना के बारे में बताया गया। यह भी बताया गया कि पहले रोजगार के लिए लोग यहां से पलायन करते थे पर अब यहां का 52 परिवार मछ्ली पालन से जुड़कर आत्मनिर्भर हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि एक सशक्त एवं कर्मयोगी मुखिया के होने से गांव कि बहुत सारी समस्याओं का समाधान वहीं हो जाता है साथ ही प्रशासन के अधिकारियों को भी योजनाओं को लागू करने में सहूलियत होती है। उन्होंने कहा कि बंद पड़े खदानों को तालाब में परिणत कर मछ्लीपालन की यहां व्यापक संभावनाएं है और इसके लिए वे केन्द्रीय राज्यमंत्री एल. मुरूगन को यहां आने के लिए आमंत्रित करेंगे ताकि नई योजनाएं बनाई जा सके और उसके वित्त पोषण भी किया जा सके। इसके अलावा राज्यपाल ने चाईबासा के मटकमहातु ग्राम में जनसंवाद कार्यक्रम के पश्चात अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चाईबासा का भ्रमण किया। वहां उन्होंने विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद कर उन्हें प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल महोदय ने बच्चों से वीआर लैब से प्राप्त होने वाली शिक्षा के संबंध में भी पूछा। उन्होंने बालिकाओं के मनोबल बढ़ाया तथा जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया की इरादा पक्का हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। राज्यपाल महोदय द्वारा पुस्तकालय एवं स्कूल प्रांगण में स्थित ओपेन जिम का भी निरीक्षण किया गया। राज्यपाल ने चाईबासा भ्रमण के क्रम में कमारहातु ग्राम के एक तालाब के केज कल्चर का अवलोकन किया। ज्ञात हुआ कि जिस तालाब में मछलीपालन किया जा रहा है, पहले वह एक खदान था।

## देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**जमशेदपुर।** कपाली ओपी पुलिस ने रविवार की सुबह गश्ती के दौरान एक युवक को देसी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान कपाली के रहने वाले 29 वर्षीय अरुण महतो के रूप में किया गया है। इसकी जानकारी चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने दी। कपाली ओपी में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को भोर करीब चार बजे गश्ती एवं चेकिंग के दौरान कमारगोड़ा स्थित शिव मंदिर के पास एक लड़का पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था। जिसे पुलिस बल के मदद से पकड़ लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार युवक ने बताया कि घर में आपसी कलह के कारण अपने पास रखे देशी कट्टा को बाहर निकालकर शिव मंदिर के पास घूम रहा था। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने उसके पास से एक स्मार्टफोन भी जब किया है। छापामारी टीम में कपाली ओपी प्रभारी संदीप, पुअनि कासिम अंसारी, सअनि रामनाथ वानरा, हवलदार बासुदेव प्रसाद, आरक्षी रामबली बैठा, अनिल कुमार झा आदि शामिल थे।

## रंजय सिंह अपहरण मामले में परिजनों ने किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** बेरमो थाना क्षेत्र के ढोरी स्टाफ क्वार्टर निवासी लक्ष्मण सिंह के दामाद रंजय सिंह के अपहरण मामले में परिजनों ने 18 जून को जनता ऑयल मिल में हंगामा किया. हंगामा का वजह ये रहा कि परिजन मिल संचालक से सोनू नामक युवक को हवाले करने की मांग कर रहे थे. संचालक ने इस मामले में अनभिज्ञता जाहिर की. इसी बीच सूचना पाकर बेरमो थाना पुलिस मिल पहुंची और आक्रोशित परिजनों को शांत किया.

### क्या है मामला

परिजनों ने आरोप लगाया कि सोनू समेत तीन युवकों ने रंजय सिंह का अपहरण कर कहीं छुपा रखा है. रंजय सिंह की अंतिम मीटिंग सोनू और उसके साथियों के साथ 17 जून को हुई थी. मीटिंग के बाद से ही रंजय का मोबाइल स्विच ऑफ हो गया. अनहोनी की आशंका होने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की. सोनू पूर्व में रंजय सिंह को कई बार धमकी दे चुका है. इस वजह से परिजनों को सोनू पर शक हुआ.

### सोनू ने थाना में किया सरेंडर

परिजनों का आक्रोश बढ़ता देख सोनू ने बेरमो थाना जाकर सरेंडर कर दिया. परिजन खबर पाते ही थाना पहुंचे और थाना प्रभारी से उसे दिखाने की मांग करने लगे. इसी बीच थाने में ही अपहत रंजय सिंह ने परिजनों को फोन किया कि वह आसनसोल में सुरक्षित है. उसके जान को किसी तरह का खतरा नहीं है. अंदाजा लगाया जा रहा है कि पुलिस के दबाव और परिजनों के हंगामा के कारण रंजय को अपहताओं ने छोड़ दिया. थाना परिसर में रंजय के ससुर लक्ष्मण सिंह और रंजय की पत्नी प्रियंका सिंह बार-बार बेहोश हो जा रही थी. दोनों बार-बार पुलिस से रंजय की सुरक्षित वापसी की गुहार लगा रहे थे. इस संबंध में बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है.

## भाकिमो ने जरूरतमंदों के बीच बांटी मच्छरदानी



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बेरमो विधानसभा के मकोली में रविवार 18 जून को जरूरतमंदों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में मच्छर का प्रकोप बढ़ जाता है। इसलिए लोगों के पास मच्छरदानी होनी जरूरी है। कहा कि अब तक वे पांच हजार मच्छरदानी का वितरण कर चुके हैं। मच्छरदानी वितरण के दौरान उन्होंने मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब परिवार से आते हैं। वे गरीबों की पीड़ा को समझने वाले एक संवेदनशील पीएम हैं। जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठ कर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के तहत मोदी सरकार ने काम किया है। झारखंड में महा जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता राज्य के हरेक घरों के चौखट और चुल्हे तक पहुंचेगें। इस मौके पर भाजयुमो के फुसरो मंडल महामंत्री सूरज सिंह राठौर, शिवपूजन चौहान, सुनील वर्मा, संजय सिंह, वीरेन्द्र यादव, सचिन पटेल, अनिता देवी, उर्मिला देवी, मुनी देवी, गुड़िया देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित थे।

## सीएम के चतरा आगमन को लेकर मंत्री व एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चतरा में 19 जून को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, एसपी राकेश रंजन, डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता समेत जिले के कई पदाधिकारियों ने पुलिस लाइन स्थल का जायजा लिया. निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी ली. मंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवयश्क दिशा-निर्देश देते हुए सारी तैयारी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया. मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप मल्होत्रा, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता शहनवाज खान समेत कई लोग मौजूद थे.

## जेल अदालत में तीन मामलों का निष्पादन, चार बंदी रिहा

**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से स्थानीय मंडल कारा में रविवार को जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पोड़ाहाट मिलन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. जेल अदालत में मिलन कुमार की बेंच में कुल तीन मामले प्रस्तुत किये गए. तीनों मामलों का निष्पादन कर चार बंदियों को मुक्त किया गया. इस दौरान बंदियों के लिए विधिक जागरूकता का भी आयोजन किया गया.

## महिला के खाते से उड़ाए 9500 रुपए, पुलिस से लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** प्रतापपुर शाखा थाना क्षेत्र के भरही पंचायत के टोला नैकडीह की एक महिला गुलबिया देवी के खाते से 9500 सौ रुपए की किसी ने निकासी कर ली. पीड़िता ने बताया कि उसके पति संजय भारती सहित गांव के दो और साथी सकिंदर भारती और प्रमोद भारती साथ में पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं. संजय भारती ने अपनी पत्नी के खाते में 30 हजार रुपए डाले थे. इसमें 10 हजार अपनी पत्नी के नाम का और 20 हजार रुपए गांव के दो मजदूर सकिंदर व प्रमोद के थे. तीनों मजदूरों ने एक साथ एक ही खाते में 30 हजार रुपए भेजे थे. पैसा आने की जानकारी मिलने के बाद गुलबिया देवी गांव के ही बैंक के एक स्टाफ के पास जाकर पैसे की जांच करवाई, तो पता चला कि उनके खाते में 20 हजार ही हैं. उसके बाद परेशान गुलबिया अगले दिन बैंक ऑफ इंडिया के प्रतापपुर शाखा पहुंची. वहां अपना पासबुक अपडेट करवाई, तो पता चला कि उसके खाते से 9500 सौ रुपए निकाले गए हैं. जिसके बाद वह परेशान हो गई.

## चाकुलिया : जमुआ में जंगली हाथियों ने दो घरों को किया क्षतिग्रस्त



**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता ही जा रहा है। विगत रात्रि कई जंगली हाथी प्रखंड क्षेत्र के जमुआ गांव में घुस आए। हाथियों ने कुनू मुंडा और रीना मुंडा के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान परिवार के सदस्य अपने घरों में दुबके रहे। इस गांव में कई जंगली हाथी रात भर घूमते रहे। ग्रामीणों के मुताबिक विगत एक सप्ताह से गांव से सटे जंगलों में करीब 10 हाथी डेरा डाले हुए हैं। शाम होते ही जंगली हाथी गांव में घुसकर गली-गली में घूमने लगते हैं। इन हाथियों के कारण ग्रामीणों का जीना मुश्किल हो गया है। शाम होने के बाद ग्रामीण अपने घरों में दुबक जाते हैं। हाथियों के कारण यहां का जनजीवन ठहर सा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां कब किसी की जान हाथी ले लेंगे कहना मुश्किल है। ज्ञात हो कि जमुआ गांव के चारों ओर साल के जंगल हैं। इधर, चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 स्थित दीघी गांव के नाला टोला में भी रात को आया और नागी सोरेन नामक महिला के फूस उसके घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। नागी सोरेन ने घर के कोने में छिप कर अपनी जान बचाई। कुछ देर यहां रहने के बाद हाथी जंगल की ओर चला गया।

## जमशेदपुर : प्रेम-प्रसंग में की गई नागी की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत शंकोसाई रोड नंबर एक स्थित केंदूकोचा निवासी 32 वर्षीय नागी लकरा की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी। नागी का शव घर के पीछे खेतों में बरामद किया गया था। नागी के गले और पेट में वार किया गया था। नागी की भाभी सुप्रिया लकरा ने बताया कि नागी की शादी हुए 10 साल से ज्यादा हो गए है। शादी के बाद से ही वह पति से अलग रह रही थी। अपने मायके केदूकोचा में रह रही थी। डिमना डैम के पास स्थित एक होटल में बरतन धोने का काम करती थी। हमेशा अपने फोन पर किसी से बात किया करती थी। रविवार सुबह नागी का शव खेतों में पाया गया था। परिजनों ने आशंका जताई है कि प्रेम प्रसंग में नागी की हत्या की गई है। इधर, पुलिस को नागी का मोबाइल नहीं मिल पाया है। पुलिस नागी के कॉल डिटेल के आधार पर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वह किस-किस से बात करती थी। पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि वह बस्ती के ही एक युवक से बात करती थी। पुलिस प्रेम-प्रसंग में हत्या के बिंदू पर जांच कर रही है।

## सीओ की मौजूदगी में कब्र से निकाला गया शव बाघमारा के महेश महतो के रूप में पहचान

**धनबाद।** निरसा के भलजोरिया स्थित श्मशान घाट पर 2 दिन पहले दफनाए गए शव को रविवार 18 जून की सुबह निरसा सीओ नितिन शिवम गुप्ता व इंसपेक्टर दिलीप यादव की मौजूदगी में कब्र से निकाला गया। परिजनों ने शव की पहचान बाघमारा निवासी महेश महतो के रूप में की। परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है. महेश महतो गोविंदपुर की एक फैक्ट्री में काम करता था। वह शव मिलने के 2 दिन पहले से लापता था। बताते चलें कि निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया में एनएच-2 स्थित बंद पेट्रोल पंप के पास जंगल में दो दिन पहले एक शव मिला था। पुलिस के काफी प्रयास के बावजूद शव की पहचान नहीं हो सकी थी। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे अज्ञात घोषित कर भलजोड़िया श्मशान घाट में दफना दिया था। इसी बीच बाघमारा निवासी परिजनों ने महेश महतो के लापता होने की बात पुलिस को बताई। इसके बाद शव को कब्र से बाहर निकालने का निर्णय लिया गया। रविवार की सुबह शव को कब्र से निकालते समय पुलिस ने बाघमारा से परिजनों को भी बुला लिया था। शव देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रो पड़े। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

## जमशेदपुर : इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग ऑटो भी जलकर खाक

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टेल्को थाना अंतर्गत प्रेमनगर निवासी अरुण कुमार सिंह के घर पर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में शनिवार देर रात अचानक आग लग गई। आग ने पास खड़े ऑटो को भी अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, जब तक अरुण को इसकी जानकारी हुई तब तक आग ने स्कूटी और ऑटो को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था। घटना के बाद अरुण ने टेल्को पुलिस को इसकी सूचना दी और इलेक्ट्रिक स्कूटी कंपनी को भी मैसेज के माध्यम से घटना के बारे में बताया। अरुण ने बताया कि उनकी स्कूटी में देर रात अचानक आग लग गई। आग से पास खड़ा ऑटो भी जल गया वहीं घर के पार्किंग में लगी टाइल्स भी उखड़ गई और एक एसी भी जलकर खाक हो गया। आग से पांच से छह लाख का नुकसान हुआ है।

## जमशेदपुर : उलीडीह में तलाकशुदा महिला की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत संकोसाई रोड नंबर 1 स्थित केंदूकोचा में रविवार की सुबह एक तलाकशुदा महिला का शव पाया गया। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की जानकारी उलीडीह पुलिस को दी। इधर सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान 32 वर्षीय तलाकशुदा नागी लकड़ा के रूप में की गई। बताया जाता है कि नागी की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि युवती की हत्या कर शव को उक्त स्थान पर फेंका गया है। इस संबंध में जांच की जा रही है।

**छापामारी** — चतरा में अफीम तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो महिला गिरफ्तार, पांच किलो 36 ग्राम अफीम बरामद



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** चतरा जिले की हंटरगंज पुलिस ने अफीम तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। अफीम तस्करी में लगी तीन महिलाओं को गिरफ्तार भी किया गया है। इसमें दो महिलाओं को पांच किलो 36 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया है तो एक को गिरफ्तार की गयी महिला की निशानदेही पर अरेस्ट किया गया है। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है, उनमें सदर थाना क्षेत्र के तपेज गांव की रहने वाली देवंती देवी (पति दुर्गा मुंडा), दमिया कुमारी (पिता धनेश्वर उरांव) और पूजा देवी (पति युगल किशोर साव) शामिल हैं। महिलाओं के पास से अफीम के अलावा तीन मोबाईल भी जब्त किया गया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा से दो महिलाएं अफीम की तस्करी करने वाली हैं। वे महिलाएं अफीम लेकर जयमंगला बस से गया जाने वाली हैं। इस सूचना के बाद छापेमारी टीम बनायी गयी। इस टीम ने हंटरगंज थाना गेट के पास बस को रोका। इसके बाद तलाशी ली गयी। इस दौरान देवंती देवी और दमिया कुमारी के पास से अफीम बरामद किया गया। पुलिस के सामने उन्होंने बताया कि युगल किशोर साव और उसकी पत्नी पूजा देवी ने हमें अफीम गया पहुंचाने के लिए दिया गया था। महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद इस बात का खुलासा हुआ है कि अब अफीम की तस्करी में महिलाओं को भी शामिल किया जा रहा है। गांव-देहात की महिलाओं पर शक भी नहीं जाता है। इस तरह आसानी से अफीम की तस्करी हो जा रही है। इन महिलाओं की गिरफ्तारी के बाद हंटरगंज थाना कांड संख्या 115/23 के तहत एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज सभी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक अफीम की तस्करी में शामिल लोगों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान चलाया जा रहा हैं।

## कुमारधुबी में व्यवसायी के घर से नकदी सहित 20 लाख के जेवरात की चोरी



नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के शिवलीबाड़ी रहमत नगर में चोरों ने व्यवसायी मो. रियाज के घर से बीस लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली। चोरी गए सामान में तीन लाख रुपये नकद व 17 लाख के जेवरात व एक एंड्रॉयड मोबाइल शामिल है। घटना शनिवार 17 मई की रात 11 बजे के बाद की है। चोर खिड़की का ग्रिल तोड़ कर घर के अंदर घुसे और कमरे में छुपा कर रखी अलमीरा की चाबी खोजकर अलमीरा का लॉकर खोला और उसमें रखे तीन लाख रुपये नकद व जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के समय परिवार के लोग छत पर सो रहे थे, जिसका फायदा चोरों ने उठाया और आराम से घटना को अंजाम दिया। परिजन सुबह करीब 5 बजे जब सोकर उठे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। अलमीरा वाले घर में गए, तो देखा कि लॉकर खुला है और उसमें रखे रुपए व सोने-चांदी के जेवरात गायब हैं। व्यवसायी मो. रियाज ने इस संबंध में कुमारधुबी ओपी में लिखित शिकायत दी है। चोरी गए जेवरात में सोने की गले की 3 चेन, 6 अंगूठी, एक जोड़ी कान की बाली, 6 कान के टॉप्स, एक नकबेसर, चांदी की 3 जोड़ी पायल व अन्य गहने शामिल हैं। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। ओपी प्रभारी ने बताया कि चोर जान-पहचान वाला है, जिसे यह जानकारी थी कि चाबी कहां छुपाकर रखी गयी है। उन्होंने जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लेने का दावा किया।

## बरही में तीन दिवसीय 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता का हुआ समापन

# हरियाणा ओवरऑल चैंपियन, पुरुष वर्ग में दिल्ली बना चैंपियन

### मेडल और प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सम्मान समारोह के साथ तीन दिवसीय 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता का समापन हुआ. प्रतियोगिता के तीसरे और अंतिम दिन पुरुष वर्ग के लिए 200, 500 और 1000 मीटर के रेस हुए. 200 मीटर में दिल्ली प्रथम, हरियाणा द्वितीय, उप्र तृतीय, 500 मीटर में दिल्ली प्रथम, पंजाब द्वितीय और पश्चिम बंगाल तृतीय तथा 1000 मीटर में पंजाब प्रथम, चंडीगढ़ द्वितीय और झारखंड (बी) तृतीय स्थान पर रही. जबकि संयुक्त रेस के लिए 200 मीटर में प्रथम हरियाणा, द्वितीय पंजाब और तृतीय बिहार, 500 मीटर में प्रथम हरियाणा, द्वितीय पंजाब, तृतीय झारखंड (ए) तथा 1000 मीटर में पंजाब प्रथम, राजस्थान द्वितीय और पश्चिम बंगाल तृतीय स्थान पर रही. पूरे प्रतियोगिता में कुल 9 इवेंट कराए गए. जिसमे लड़के और लड़कियों के लिए 200, 500, 1000 मीटर तथा तीनो श्रेणियों के लिए लड़के व लड़कियों के संयुक्त ड्रैगन बोटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 19 राज्यो के कुल 468 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. जिसमे 224 महिलाए और 240 पुरुष शामिल थे. प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम को ओवर ऑल चैंपियन घोषित किया गया. सभी विजेताओं को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. झारखंड के खिलाड़ियों को दो दिवसीय

### झारखंड के खिलाड़ियों को नेशन कोच देंगे सोमवार से मिलेगा दो दिवसीय प्रशिक्षण जवाहर घाट में खुलेंगे झारखंड फेडरेशन ऑफ ड्रैगन बोट प्रशिक्षण केंद्र

प्रशिक्षण : कार्यक्रम समापन के अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने झारखंड के खिलाड़ियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण देने की घोषणा किया. जो सोमवार से राष्ट्रीय प्रशिक्षण तपन कुमार पाठक के निर्देशन में दिया जायेगा. इसके साथ है आयोजन स्थल जवाहर घाट को झारखंड बोर्ड ऑफ फेडरेशन का ट्रेनिंग सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया. श्री ठाकुर ने बताया कि इस स्थल पर भविष्य में और भी कई राष्ट्रीय स्पोर्ट्स का आयोजन किया जायेगा. राष्ट्रीय महासचिव ने जताया आभार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव विनोद शर्मा ने झारखंड में आयोजित पहली और 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन प्रतियोगिता की सफलता के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया । साथ ही श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधन को उसके मेजबानी के लिए आभार जताया. कार्यक्रम का समापन ऑर्गेनाइजिंग टीम के अध्यक्ष रोहित सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी सहित अध्यक्ष विनोद केबी शर्मा, मुख्य सचिव विनोद वर्मा, झारखंड ड्रैगन बोट के अध्यक्ष सह रिटायर्ड आईएएस बीसी ठाकुर, ईस्ट जोन चेयरमैन संतोष प्रसाद, ऑर्गनाइजिंग डायरेक्टर रोहित कुमार सिंह, जनरल सेक्रेटरी सोनी प्रसाद, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, संयोजक आलोक कुमार, सचिव समीर अंबस्ट आदि मौजूद रहे.

## भीषण गर्मी से लोग बेहाल

# पानी गया पाताल,बोरिंग भी टांय टांय फिस



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल है। सुबह 8 बजे से शाम 5बजे तक गर्मी का प्रभाव दिख रहा है। गर्म हवा चलने से उमस महसूस हो रही है। इस गर्मी के कारण पानी की समस्या भी गहराने लगी है। पानी के लिए ग्रामीणों को दूर दराज जाकर पानी लाना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश चापानल टांय टांय फिस हो गए हैं। कहीं कहीं चापानल से 10-15 बार हेंडल चलाने से मग भर पानी निकल रही है। पानी की सबसे गंभीर समस्या सिझुआ, उपरेली डेबो, हेठली डेबो, पॉतितिरी, करंडो, पाला, गैड़ा, बसरामो, कपका समेत बरकट्ठा दक्षिणी गांव में हैं। बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में तीन पत्थर खदान संचालित होने के कारण जलस्तर काफी नीचे चला गया है। मामले को लेकर मुखिया अब्बास अंसारी ने उपायुक्त को आवेदन देकर डीप बोरिंग कराने की मांग की है। बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत कोनहारा कला में एक साइड ड्राई जोन है तो दूसरी साइड से 60से 70 फिट में पानी है। प्रखंड मुख्यालय के समीप में एक जलमीनार बना हूआ हैं। जो 4वर्ष से हाथी का दांत साबित हो रहा है। बरकट्ठा निवासी पानी खरीदकर प्यास बुझा रहे है ।वहीं दस फीसदी लोग पतालसुर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

# रथ यात्रा कार्यक्रम को लेकर लोगों को किया गया जागरुक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गैड़ा में केंदुआ- लालोडीह से तुर्कबाद होते हुए पुनः गैड़ा तक इस्कॉन संस्था द्वारा दो दिवसीय रथ यात्रा कार्यक्रम 3 बजे से 7 तक आयोजित किया गया है। ज्ञात हो कि ग्राम गैड़ा में इस्कॉन के प्रयास से नए भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि संध्या में भागवत कथा के साथ-साथ महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस निमित इस्कॉन के सदस्यों के द्वारा बरकट्ठा बाजार तथा प्रखंड मुख्यालय से लेकर डाकडीह तक रथयात्रा व जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार किया गया।वहीं संस्था के सदस्यों ने अधिक से अधिक लोगों को रथयात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया । मौके पर नटराज गौरांग दास प्रभु,टहल प्रभु, झारखंडी प्रभु, महादेव प्रभु, सिकन्दर प्रभु प्रकाश प्रभु,सनी प्रभु समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण के लिए जिप उपाध्यक्ष रवाना हुए हैदराबाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** 19 से 23 जून तक हैदराबाद में जिला उपाध्यक्ष के प्रशिक्षण का कार्यक्रम निर्धारित है. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हजारीबाग जिप उपाध्यक्ष सह प्रदेश जिप उपाध्यक्ष संघ किसुन यादव कोडरमा जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी के साथ रविवार को गंतव्य के लिए रवाना हो गए. इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें अंगवस्त्र और माल्यार्पण कर शुभकामनाओं के साथ विदा किया. श्री यादव ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद वह और मुखर होकर जनसमस्याओं को जिप सदन में रखने काम करेगे. विदित हो कि झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग ने 5 से 9 जून तक राज्य के सभी जिप अध्यक्ष और 19 से 23 जून तक सभी जिप उपाध्यक्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया है. मौके परसुभाष यादव, रामचंद्र यादव, युगल यादव, रामदेव यादव, अशोक यादव, महादेव यादव, ब्रह्मदेव यादव, सुनील सिंह, महाबीर यादव, संजय यादव आदि मौजूद थे.

# श्री गुरूनानक पब्लिक स्कूल के पूर्व अध्यक्ष का निधन



### स्कूल परिसर में शोकसभा का आयोजन कर दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह होरा का रविवार को निधन हो गया। पिछले दो महीनों से वो बीमार चल रहे थे ।उनके परिजनों द्वारा उन्हें बचाने की हर संभव कोशिश की गई, पर उन्हें बचाया नही जा सका और रविवार को उनका निधन हो गया।उनके निधन पर विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया । मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया की सरदार सुरेंद्र सिंह होरा ने वर्ष 2010 से 2012 के बीच विद्यालय के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवाएं दी थी और विद्यालय को एक नये मुकाम तक पहुंचाया । इसके अलावा उन्होंने गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रामगढ़ मे जनरल सेक्रेटरी, स्कूल मे हि कन्वेनर के रूप मे भी अपनी सेवाएं दी ।वे विभिन्न सामाजिक संस्थाओ से भी जुड़े हुए थे। वे 40 वर्ष तक रोटरी क्लब से जुड़े रहे और वर्तमान में रोटरी ट्रस्ट के चेयरमैन पद पर आसीन थे। वर्तमान मे उनके छोटे भाई सरदार हरदीप सिंह विद्यालय में सदस्य के रूप मे मनोनीत है और अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके और एक भाई सरदार इंदरजीत सिंह होरा विद्यालय मे बनी नयी बिल्डिंग के प्रोजेक्ट चेयरमैन के रूप मे मनोनीत है। सुरेंदर सिंह होरा के बेटे सरदार सतिंदर सिंह होरा भी रामगढ़ के विभिन्न सामाजिक संस्थान से जुड़े हुए और निरंतर समाज के विकास के लिए प्रयत्नशील है। सुरेंद्र सिंह होरा की अंतिम यात्रा सोमवार को गृह स्थल से सुबह ११ बजे गुरुद्वारा होते हुए गांधी घाट के लिए प्रस्थान करेगी। मौके पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। शोकसभा में विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह , स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोरा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल , सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा , स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन ,सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली , मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# बूथ नंबर 44 पर भाजपा सदस्यों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



रामगढ़। बूथ नं 44 पर रविवार को भाजपा सदस्यों ने जिला महामंत्री रंजन फौजी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। इस दौरान रंजन फौजी ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात लोगों के लिए काफी उपयोगी होता है। यही कारण है की लोग प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने और उससे प्रेरणा ग्रहण करने का इंतजार करते रहते हैं। मौके पर जिला महामंत्री रंजन फौजी, कैंट मंडल मंत्री अजीत गुप्ता, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह, हरीश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को रविवार को जिले के प्रत्येक बूथ पर सुना गया। उक्त जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने दिया। उन्होंने बताया की बूथ नंबर 50 के अंतर्गत निवास करने वाले भाजपा रामगढ़ के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में भी दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रिय कार्यक्रम को सुना। इस मौके पर रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम द्वारा देश में छिपी हुई प्रतिभा को उभारने का कार्य किया जा रहा है। ये आज सिर्फ एक कार्यक्रम के रूप में नही बल्कि देश में स्टार्टअप और कुछ अलग करने वाले युवा,बुजुर्ग और महिलाओं के लिए एक प्लेटफार्म बन चुका है। जहां उनके अंदर की प्रतिभा से देश और दुनियां को रूबरू करवाया जाता है। मौके पर मुख्य रूप से रेखा कुमारी, विनय, राजू बेसरा, दीपक महतो, मनोज, मणिशंकर ठाकुर, धीरज साहू, दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक,भीमसेन चौहान, संतोष शाह आदि उपस्थित थे।

## आईटीआई के प्राचार्य के खिलाफ महिला ने दिया आवेदन

**बरही ।** आईटीआई में रिपेयरिंग कार्य कर रही रेखा देवी ने आईटीआई के प्राचार्य रविन्द्र प्रसाद पर बदसलूकी का आरोप लगाया है. थाना में आवेदन देकर महिला ने बताया कि प्राचार्य ने अपने कमरे में झाड़ू पोछा करने के बहाने बुलाया और उसके साथ जबरन करने का प्रयास किया. हल्ला करने पर उनके साथ काम कर रहे अन्य मजदूर दौड़े आए और उनकी इज्जत बची. संबंधित मामले में आवेदन थाना में आवेदन देकर उचित करवाई की मांग किया है. संबंधित मामले में पूछे जाने पर प्राचार्य रविंद्र प्रसाद ने बताया कि मामला बेबुनियाद और निराधार है. उन्हें षड्यंत्र के तहत संवेदक फंसाने का काम कर रहा है. उन्होंने बताया कि दरअसल उनके संस्थान में संवेदक रामचंद्र यादव ने मरम्मती का ठेका लिया है. परंतु कार्य बिल्कुल घटिया, लीपापोती और बिना एस्टीमेट के कर रहा है. इस संबंध में शिकायत की गई.

## +2 उच्च विद्यालय के फाउंडर रहे स्व. राम कृष्ण मेहता की प्रथम जयंती मनी

# याद किये गये राम कृष्ण मेहता



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा के फाउंडर सह पूर्व प्रधानाध्यापक स्व रामकृष्ण मेहता की प्रथम जयंती रविवार को मनाई गई। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वर्गीय मेहता के पुत्र अरुण कुमार मेहता ने की ।मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी,प्रमुख रेणू देवी, समाजसेवी सी के पांडेय, पूर्व मुखिया बसंत साव, प्रधानाध्यापक रविन्द्र कुमार पांडेय मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियो ने स्व मेहता के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर व श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। वहीं कुमकुम देवी ने स्व मेहता की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा की पुण्य आत्मा स्वर्गीय मेहता हाई स्कूल बरकट्ठा के फाउंडर एचएम थे। जिन्होंने बरकट्ठा में हाई स्कूल की नीव रखी। काफी जद्दोजहद तथा परेशानियो का सामना करते हुए इस विद्यालय को खड़ा किया। इस अवसर पर पूर्व पंसस बिरेन्द्र शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक बालगोविन्द प्रसाद, भीखो प्रसाद, शंभु यादव, सुरेश कुमार पांडेय, सोहर राणा, उदय शंकर मंडल, विजय कुमार यादव, प्रकाश कुमार झा, विनोद कुमार यादव, आनंद कुमार, अशोक गुप्ता, ध्रुव नारायण प्रसाद, सत्तार अंसारी, परमेश्वर प्रसाद समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नींव की खुदाई से बर्फ फैक्ट्री गिरा, साठ लाख के नुकसान की संभावना

**बरही ।** पटना रोड स्थित बर्फ फैक्ट्री से सटे नए घर के नींव की खुदाई करने से फैक्ट्री धराशाई हो गया. जिसमे लाखो का नुकसान का मामला बताया जा रहा है. जानकारी देते हुए फैक्ट्री के वर्कर राकेश कुमार ने बताया कि आइस फैक्ट्री नीचे था जबकि ऊपर लोग रहते थे. मुर्गा फार्म के राजू साव ने फैक्ट्री के दीवाल से सटकर नए घर बनाने के लिए नीव दिया था. जिससे फैक्ट्री का नींव कमजोर हो गया और पूरा मकान गिर गया. जिससे लगभग साठ लाख के नुकसान होने की उम्मीद बताई जा रही है. फैक्ट्री तिलैया के आनंद साव की है. उन्हे सूचना दे दी गई है. उनके आने के बाद ही आगे की कारवाई की जायेगी.

### सलगापोष बारिश मैदान में ईसाई आदिवासियों ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम, बोले विधायक

# ईसाई आदिवासी भाषा सांस्कृतिक परंपरा को नहीं भूले



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखण्ड सलगापोष पारिश मैदान में रविवार को मसीही समुदाय के द्वारा भाषा संस्कृति परम्परा के अनूरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया।जिसमें कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सभी देश के कट्टरपंथी सोच वालों के आदिवासियों के प्रति सोच और षड्यंत्र से चिंतित हैं।आज अप्रत्यक्ष रूप से हम ईसाई आदिवासियों को अधिकार और हमारे धर्मों से वंचित करने के लिए एक से एक षडयंत्र रचा जा रहा है। कभी कहा है कि जो आदिवासी समाज दुसरे धर्म को अपना लिए हैं उन्हें आदिवासी के अधिकार से वंचित किया जाए। हमारे आने वाले वंशजों को नौकरी के अधिकार से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। ईसाई आदिवासी को डीलिस्टिंग के माध्यम से आदिवासियत से वंचित करने का सोच रखते हैं, जिससे कि हमारे कीमती जंगल और जमीन पर कब्जा किया जा सके, क्यों कि हम आदिवासियों का मूल जीविका का साधन यही हमारा जंगल और जमीन है। विरोधियों के द्वारा हम आदिवासियों को प्रताड़ित और आदिवासियत से बंचित करने के लिए बार बार कहा जाता है कि ये ईसाई समुदाय के लोग जबसे ईसाई धर्म को अपना लिए हैं तब वो अपने भाषा संस्कृति परम्परा को भूल गए हैं, जबकि ऐसा आरोप एकदम से निराधार है कार्यक्रम में 25 समूहों के द्वारा अपने आदिवासी वेशभूषा में नाच गान ढ़ोल नगाड़ा मांदर के साथ प्रस्तुत किए। जिसे विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा 25 समूहों को साड़ी एव 5 समुहो को मांदर दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से फादर जेम्स लकड़ा,मंच संचालन बसंत तिर्की ने किया मौके पर समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखण्ड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रखण्ड अध्यक्ष अशफाक आलम जमीर अहमद ,जमीर हसन, मोहम्मद कारू, वाहिद आदि उपस्थित थे ।

## कृष सिन्हा को मिली जेईई में सफलता



**झुमरी तिलैया।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य एवं पूर्व कोडरमा महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष बेबी सिन्हा तथा बिजनेसमैन पंकज कुमार सिन्हा के पुत्र कृष कुमार सिन्हा ने जेईई एडवांस 2023 में कैटेगरी रैंक 1115 तथा जेनरल रैंक 8350 लाकर अपने माता-पिता व पूरे-परिवार तथा अपने स्कूल का नाम रौशन किया है। कृष डीएवी स्कूल झुमरी तिलैया से 2021-22 के बैच में बारहवीं कक्षा में अपने स्कूल में प्रथम स्थान एवं जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उसी साल उसे स्कूल के तरफ से स्टूडेंट ऑफ द ईयर तथा मिस्टर डीएवी का भी खिताब उसे मिला था। कृष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं अपने गुरुजनों को दिया है।

## सेक्रेड में ऑनलाइन फादर्स डे कार्यक्रम

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में रविवार को ऑनलाइन फादरस डे का आयोजन किया गया। इस मौके पर फादरस डे सेल्फी कॉन्टेस्ट का आयोजन भी हुआ। इसमें नर्सरी से आठवी कक्षा तक के बच्चों और अभिभावकों ने हिस्सा लिया। सेल्फी के आलावा फादरस डे पर कविता, ग्रीटिंग कार्ड निर्माण, अपने पिता की तस्वीर, पोस्टर्स बच्चों ने बनाये। इस बारे में विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि फादरस डे सेल्फी कॉन्टेस्ट 27 जून प्रातः 10 बजे तक चलेगा। 28 जून को इसका रिजल्ट जारी किया जाएगा।

## श्याम शरण में आ जा रे ... का भक्ति अरदास कीर्तन का आयोजन आज

**झुमरी तिलैया।** नगर की धार्मिक संगठन श्री श्याम शरण में आ रे ... का 14वॉं अरदास कीर्तन का आयोजन सोमवार को झुमरी तिलैया के आईसीआईसी बैंक गली स्थित दादी जी अपार्टमेंट में अर्जुन प्रसाद मनोज कुमार चौधरी के निवास स्थल होगा। यह जानकारी श्याम शरण में आ जा रे .. के रवि दाहिमा, पप्पु सिंह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होनें बताया कि इस अवसर पर बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार के साथ-साथ ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होनें श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सर्पदंश से महिला की इलाज के क्रम में हुई मौत

**सिमडेगा।** जहरीले सांप के डसने से सदर अस्पताल सिमडेगा में इलाजरत महिला की रविवार की सुबह मौत हो गई ।मृत महिला की पहचान कोलेबिरा थाना क्षेत्र के कल्हाटोली गांव निवासी अनीता देवी के रूप में हुई। मृतिका के पति अनिल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी पत्नी शनिवार को खाना खाकर जमीन पर गर्मी की वजह से सोई थी ।इसी बीच करीब 3:00 बजे सुबह उसे जहरीले सांप ने डसा जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी परिवार वालों ने तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा ले गए जहां पर इलाज किया गया ।हालांकि उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के बाद सदर अस्पताल में उपचार चली हालांकि शहर में अत्यधिक विष का प्रभाव फैलने की वजह से महिला की इलाज के क्रम में मौत हो गई। इधर मौत की सूचना मिलने के बाद सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर सुधीर बाड़ा एवं सब इंस्पेक्टर मनीता कुमारी पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम करवाते हुए परिजनों को सौंप दिया। सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के महीने में कोई भी जमीन पर नाक में चारपाई का प्रयोग करें ताकि जहरीले सांप बिच्छू आदि चीजों का खतरा ना रहे।

## अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर पुलिस ने की जब्त

**सिमडेगा।** राज्य भर में एनजीटी कानून लागू है ऐसे में नदियों से बालू का उठाव पूरी तरह से प्रतिबंध है इसके बावजूद धड़ल्ले से बालू का उठाव हो रहा है। जिसकी सूचना मिलने पर रविवार को सिमडेगा थाना की पुलिस द्वारा गरजा स्थित शंख नदी से 3 अवैध बालू लदा हुआ ट्रैक्टर को जप्त करते हुए सिमडेगा थाना लाया गया। मौके पर मुख्य रुप से सब इंस्पेक्टर मनीता कुमारी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता ने बताया कि लगातार सूचना प्राप्त हो रही है जिसके आलोक में कार्रवाई की गई है और उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध बालू का उठाव बर्दाश्त नहीं की जाएगी लगातार इसी प्रकार छापेमारी अभियान चलता रहेगा और अवैध बालू के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इधर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई के बाद बालू कारोबारियों के अंदर हड़कंप है।

## वन अधिकार कानून के तहत गरजा खपराटोली में हुई वनपाल समिति की बैठक

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के गरजा खपरा टोली में रविवार को वनाधिकार कानून 2006 के तहत वनपालन समिति एवं महिला समिति की संयुक्त बैठक हुई। मौके पर झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जनसंगठन एवं ग्राम सभा मंच के जिला मीडिया प्रभारी खुशीराम कुमार ने कहा कि वनाधिकार कानून 2006 एक केंद्रीय कानून है जो जम्मू और कश्मीर को छोड़कर सम्पूर्ण भारत देश में लागू है। जिसे हमें हर हाल में पालन करना होगा।ये कानून हमारे लिए रक्षा कवच के रुप में है और हमें हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ते हुए हमारे लिये विरासत के रूप में छोड़ गए हैं,इसलिए हमें अपने जंगलों की जैव विविधता की रक्षा करने के साथ साथ सरंक्षण,संवर्धन और प्रबंधन करते हुए रक्षा करना होगा जिससे कि पृथ्वी के साथ साथ पर्यावरण बची रहे। पौधों की सरंक्षण करना है।इस साल गरजा राजस्व ग्राम के लोग लगभग दो हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया।मौके पर धन्यवाद ज्ञापन अनिल डुंगडुंग ने किया इस बैठक में प्रीति डुंगडुंग,अपलुस एक्का, कौशल्या देवी, अमीषा डुंगडुंग, अनिता देवी, पौलुस बाड़ा, कृष्णा लोहरा कस्तु प्रधान, चाँद लोहरा सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रथ यात्रा-बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा थाना परिसर में रविवार की शाम शांति समिति की बैठक आयोजन किया गया शांति समिति की बैठक आगामी रथयात्रा एवं बकरीद को लेकर की गई ।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक के द्वारा की गई ।मौके पर मुख्य रुप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,अंचल अधिकारी ,थाना प्रभारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से रथ यात्रा एवं बकरीद का पर्व मनाने की अपील की साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से त्यौहार के दौरान पुलिस वाले एवं प्रशासन की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की कोई भी समस्या न हो। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान किसी प्रकार का माहौल खराब ना हो इसके लिए सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखी जाएगी ताकि कोई भी धार्मिक उन्माद ना फैलाएं। इस मौके पर शांति समिति के सदस्यों ने अवैध शराब सघन वाहन जांच सहित कई चीजों की बात रखी जिस पर प्रशासन के द्वारा पहल करने की बात कही गई। मौके पर मुख्य रूप से जीप सदस्य सिमडेगा शांति बाला केरकेट्टा,सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह, अनूप केसरी, कासिम रजा अजीमुल्ला अंसारी, अरुण सिंह ,सतीश सिंह ,मनोज झा, प्रोफेसर देवराज प्रसाद अश्विनी कुमार मनोज कुमार शरीफ खान शीला देवी ,नोबिता बा सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### सिमडेगा एसपी ने किया मासिक क्राइम गोष्टी का आयोजन

## अपराध नियंत्रण के लिए गश्ती में लाएं तेजी : एसपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी सौरभ की अध्यक्षता में रविवार को एसपी कार्यालय सभागार में मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया गया क्राइम गोष्ठी में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक पुलिस अंचल निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे जहां पर एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना वार समीक्षा करते हुए पिछले महीने दिए गए टास्क के अनुरूप वर्तमान में हुए कार्यों की जानकारी ली तथा क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन सभी थाना प्रभारियों को लंबित कांडों का उद्भेदन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी वारंटियों की गिरफ्तारी तथा क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर सघन वाहन जांच एवं क्षेत्र में लगातार गस्ती अभियान तथा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। आगामी रथयात्रा एवं बकरीद को लेकर उन्हें थाना प्रभारियों को क्षेत्र में शांति समिति की बैठक एवं सभी जगहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सोशल मीडिया पर पैनी नजर आदि चीजों को लेकर जानकारी दी। एसपी सौरभ ने कहा कि रथयात्रा को ध्यान में रखते हुए जिन मार्गो से रात गुजरेगी वैसे जगहों पर ड्रोन एवं सादे लिबास में पुलिस कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो इसके अलावा बकरीद पर्व पर नमाज वाले क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों में भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न हो। इस मौके पर सभी थाना प्रभारी एवं एसपी कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## गिरदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**बानो ।** बानो सर्किल के गिरदा थाना परिसर में थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया।थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि रथ यात्रा एवं बकरीद का पर्व आपसे प्रेम भाव से मनाएं। रथ यात्रा शांति पूर्वक पूजा सम्पन्न कराएं। रथ जाने वाली मार्ग में अपने समिति के लोगो को रखें ताकि रथ यात्रा में कोई दिक्कत न हो।किसी तरह घटना हो तो तुरंत प्रशासन को जानकारी दे ।सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखें।अफवाहों पर ध्यान न दे । बाजार हाट में अपने सामानों को सुरक्षित जगहों पर रखें।मोटरसाइकिल सुरक्षित जगह पर रखें।ताला लगाकर रखें। सन्दिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दे ।बैठक में जमतई मुखिया नामजन जोजो,घनश्याम सिंह,बुद्धदेव साहू ,शिवशरण सिंह ,बिजय साहू आदि लोग उपस्थित थे।

## पतंजलि महिला योग समिति सिमडेगा की बैठक, पूजा बनीं जिला प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। पतंजलि महिला योगा समिति सिमडेगा की आवश्यक बैठक रविवार को होटल रॉयल पैलेस में आयोजित की गई बैठक में मुख्य रूप से राज्य महिला प्रभारी सुधा झा जिला आयुष पदाधिकारी डॉक्टर शिवदयाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर योगा समिति के तारकेश्वर भारती के द्वारा राज्य प्रभारी का स्वागत किया जबकि कुंवर गोप द्वारा जिला आयुष पदाधिकारी का स्वागत किया। मौके पर राज्य प्रभारी ने कहा कि सिमडेगा जिले में योग को और भी अत्यधिक प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने है ताकि लोग योग कर खुद को स्वस्थ बना सके उन्होंने कहा कि बाबा रामदेव अपने जीवन में लोगों को निरोग रहने के लिए योग करा रहे हैं और आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 21 जून को पूरे विश्व पटल पर भारत की पहचान दिलाने का काम किया है। इस मौके पर सिमडेगा जिला पतंजलि महिला समिति के प्रभारी के रूप में पूजा नायक की प्रतिनियुक्ति की गई साथ ही उसे बेहतर कार्य करते हुए जिले में योग को अत्यधिक महत्त्व देते हुए लोगों को जानकारी देने का निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य रूप से हरिओम केसरी, करुणा देवी, सुम्मी देवी ,कांति देवी ,सिमरन कुमारी, पल्लवी कुमारी, ज्योति कुमारी, अंशु कुमारी ,ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव तौकीर उस्मानी सहित कई लोग उपस्थित हुए।

## जयप्रकाश उद्यान में कई समस्याओं को लेकर वनरक्षकों की हुई बैठक

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ की जिला ईकाई की बैठक जिला अध्यक्ष सतेन्द्र बड़ाईक की अध्यक्षता में जयप्रकाश उद्यान में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला मंत्री के प्रतिवेदन पर चर्चा की गई।साथ ही वर्तमान में सरकार के प्रस्तवित वनपाल नियुक्ति नियमावली पर बात हुई जिसमे कहा गया कि नई नियुक्ति नियमावली के बन जाने से वनपाल पद के लिए सीधी नियुक्ति होगी जिससे वर्तमान में कर्यारत वनरक्षीयों के वनपाल पद पर प्रोन्नति नहीं हो पायगी और भविष्य अंधकारमय हो जायेगा साथ ही विभाग के द्वारा पुनः छ माह के अनिवार्य प्रशिक्षण को दो- दो माह में सम्पन्न कराने की मांग की गई। विभाग द्वारा इस पर पहल नहीं होने से बड़ा अन्दोलन के लिए संघ मजबूर होगा साथ ही राशन भत्ता, 13 माह का वेतन की भी मांग दोहराया गया। जिला मंत्री अजीत बुढ़ के दूसरे विभाग में नियुक्ति होने से संघ की ओर से सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर जिले के सभी वनरक्षी उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री केरया एवं गुटबहार चर्च पहुंचे, सुनी लोगों की समस्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत केरिया एवं गुटबहार चर्च में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं युवा झापा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का पहुंचे जहां पर उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा बहुत लंबे अंतराल के बीच आप सभी के बीच आया हूं और आपकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास लगातार की जा रही है। आप सभी अपने धर्म समुदाय के प्रति निष्ठावान बने परमपिता परमेश्वर के बताए मार्ग पर चलें, उन्होंने ईसा मसीह के बारे में कहा कि वे खुद परमेश्वर होकर मानव रूप में इस संसार के लोगों की सेवा के लिए उतरे थे । संसार के पापियों के पापों को क्षमा किया उसी प्रकार हमें भी इस जीवन में अपने से गरीब एवं लाचार लोगों की सेवा करनी है ताकि परमेश्वर की सच्ची सेवा हो सके ।आप सभी कलीसिया समुदाय को मजबूत करें चर्च में लगातार प्रार्थना करें अपने आसपास के दीन दुखियों की सेवा करें तब जाकर कलीसिया समुदाय आगे बढ़ेगी। आज समाज में जिस प्रकार अंधविश्वास और शराब जैसी कुरीतियां घुसी हुई है इसे धीरे-धीरे दूर करने की आवश्यकता है ताकि धर्म संस्कृति और सभ्यता बची रहे। मौके पर उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से क्षेत्र में व्याप्त बिजली पानी सड़क सहित चर्च की समस्याओं को भी प्रमुखता के साथ रखा जिस पर उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता निष्ठावान बनकर इस क्षेत्र की जनता का सेवा कर रही है और आने वाले दिनों में आप पार्टी को मजबूती के साथ सहयोग करें तो आपके सभी प्रकार के समस्याओं को दूर किया जाएगा। संदेश एक्का ने कहा कि हम सभी आज एकत्रित हुए हैं परमेश्वर की प्रार्थना कर रहे हैं परमेश्वर हमारी प्रार्थना तभी सुनेंगे जब हम सच्चे मन से दीन दुखियों की सेवा करेंगे इसलिए आप संगठित रहकर समाज में और अपनी हक अधिकार के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़े इसके लिए झारखंड पार्टी आपका सहयोग करेंगे। मौके पर जोफेस डुंगडुंग, नुवेल हेरेंज, संध्या डाँग,आंकित सुरीन,चिराग बाड़ा,रसाल खलखो लूथर बरला, एमन डांग ,छोटा एमन डाँग, रेजन लुगुन आरसल्यानी बागे, सनारती बागे ,सामूवेल डांग, पवाल डांग ,मनसीत जोजो, मनोहर कांडुलना आदि उपस्थित रहे।

### प्रेरणा शाखा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत कई कार्यक्रम आयोजित करने का लिया निर्णय

# बेटी के जन्म उत्सव दिवस पर लगाए पांच पौधे : श्रेया

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्रेरणा शाखा की एक बैठक ब्लॉक रोड स्थित उपाध्यक्ष कार्यालय सभागार में हुई। बैठक की शुरूआत राष्टगान के साथ हुई ।इसके बाद 15 जून तक आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा की गई । साथ ही 30 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर निर्णय लिया गया। वही कोषाध्यक्ष सीए गुंजन अग्रवाल ने आय - व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान एक जरूरतमंद कन्या को जिसकी शादी इसी माह होनी है उसे साड़ी, सूट , इलेक्ट्रॉनिक सामग्री सहित कई सामग्री दे कर उनके विवाहित जीवन के सुखमय की कामना की गई । इस अवसर पर प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने कहा की हमारा मंत्र बेटा बेटी एक समान , आइए कन्या के जन्म उत्सव मनाए और अपनी बेटियों पर बेटो की तरह गर्व होना चाहिए। बेटी के जन्म उत्सव पर पांच पौधे लगाने की भी अपील की । सचिव सारिका लड्डा ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को प्रेरणा शाखा भी गति दे रही है। समिति की पदाधिकारी और सदस्य समिति के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शाखा के द्वारा सरकारी स्कूलों में नव नामांकित छात्राओं के बीच पहले पढ़ाई फिर विदाई जैसे जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वहीं बालिकाओं के लिए स्वच्छता को लेकर महिला डॉक्टर के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन इसी माह कराया जाएगा। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने , कोडरमा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 , 3 पर वाटर कूलर लगाने , व्हीलचेयर उपलब्ध कराने , नेकी की दीवार के तहत कपड़ा बाटने तथा आनंद सबके लिए के तहत बच्चो के बीच सामग्री का वितरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शाखा की सदस्यों का जन्म उत्सव और शादी की साल गृह को लेकर केक काट कर खुशी का इजहार किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया , उपसचिव मीना हिसारिया, परियोजना निदेशक स्वेता गुटगुटिया , नेहा जैन , प्रीति गुटगुटिया , दीपा गुप्ता , शीतल पोद्दार, रश्मि गुटगुटिया आदि उपस्थित थे। इस मौके पर भाजयुमो के फुसरो मंडल महामंत्री सूरज सिंह राठौर, शिवपूजन चौहान, सुनील वर्मा, संजय सिंह,




वीरेन्द्र यादव, सचिन पटेल, अनिता देवी, उर्मिला देवी, मुनी देवी, गुड़िया देवी, सरस्वती देवी, चमेली देवी, असमा खातून, माघुरी देवी, पूर्णिमा देवी, राम प्रसाद राय,विष्णु चौहान व अन्य उपस्थित थे.

## पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर बंधकों को छुड़ाया

# ग्रामीण की पिटाई पर 4 वनकर्मियों को बनाया बंधक

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
सुरक्षित वन क्षेत्र के बरवारी जंगल से तोड़ी हुई अवैध गिट्टी की ट्रैक्टर से ढुलाई किये जाने की सूचना पर शनिवार की रात्रि में छापेमारी करने गये आधा दर्जन वनकर्मियों द्वारा एक ग्रामीण की पिटाई किये जाने से आक्रोशित बरवारी गांव के ग्रामीणों ने चार वनकर्मियों को पकड़कर दो घंटे तक बंधक बना कर रखा। हालांकि इस दौरान अन्य वनकर्मी ग्रामीणों के चंगुल से भागने में सफल हो गये। बाद में भवनाथपुर थाने के एएसआई रब्बुल अंसारी सबदलबल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर बंधक कर्मियों को छुड़ाकर ले आये। साथ ही दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया है। जिन्हें ग्रामीणों ने बंधक बनाया था उनमें ओमप्रकाश उरांव, सचित कच्छप, विकास कुमार व राकेश कुमार



शामिल हैं। इसकी पुष्टि करते हुए थाना के एएसआई रब्बुल अंसारी ने बताया कि सूचना पर हम बरवारी गये थे, जहां पर ग्रामीण की पिटाई के विरोध में बंधक बनाए गए चार वनकर्मियों को छुड़ाकर लाया था और दोनों पक्षों को थाना पर बुलाया था। इस बाबत रेंजर प्रमोद ठाकुर से पूछे जाने पर बताया कि घटना की जानकारी नहीं है। खबर लिखे जाने तक किसी पक्ष के द्वारा भवनाथपुर थाने में लिखित शिकायत नहीं की गई है।

बताते चलें कि गुप्त सूचना पर बाइक पर सवार होकर सिविल ड्रेस में सात वनकर्मी छापेमारी करने पहुंचे थे। इस दौरान रात्रि में मोबाइल फोन का लाइट जलाने से नाराज होकर एक वनकर्मी द्वारा बरवारी निवासी दयानंद यादव की पिटाई कर दी। इससे आक्रोशित बरवारी के ग्रामीणों ने वनकर्मियों को बंधक बना लिया। इस मामले में बरवारी निवासी दयानंद यादव ने बताया कि वन विभाग की टीम शनिवार की रात्रि में समय लगभग 8 बजे 7 बाइक के साथ आई। हमलोग अपने घर के पास टहल रहे थे। इसी बीच में उसने मोबाइल फोन की लाइट जलाकर पहचान करने की कोशिश की कौन आदमी है। तभी अचानक बाइक से उतरकर वन विभाग की टीम ने हमें पकड़कर पिटाई करते हुए एक किलोमीटर दूर ले जाकर बंधक बनाकर रखा। जब तक गिट्टी लदा हुआ ट्रैक्टर भागा नही। इसी बीच वन विभाग और ट्रैक्टर मालिक से ट्रैक्टर छोड़ने के लिए 60,000 रुपये में सौदा किया गया। रात्रि में ही 40,000 रुपये खाते में ट्रांसफर कराया और बाकी 20,000 रुपये सुबह में 7 बजे तक देने की शर्त पर ट्रैक्टर को छोड़ा गया। आपको बताते चलें कि भवनाथपुर प्रखंड सुरक्षित वन क्षेत्र के विभिन्न जंगलों, पहाड़ों, नदियों से अवैध रूप से लकड़ी, पत्थर, बालू, गिट्टी की ढुलाई की जा रही है। इसमें वन विभाग की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है।

# विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यालय के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह तथा एल के जी और यूकेजी के कक्षाओं में प्रथम प्रवेश का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर झारखंड माध्यमिक बोर्ड के परीक्षा में उत्तीर्ण टॉप 10 विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पंचम के मनीष कुमार को आइडियल स्टूडेंट अवार्ड दिया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने मैट्रिक परीक्षा प्रमाण का वृत्त प्रस्तुत करते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी 74 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये हैं। मुख्य अतिथि शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि शिक्षा मात्र जीवकोपार्जन के लिये नहीं बल्कि



मानव निर्माण के लिये होना चाहिये। उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझ कर अमल करने की आवश्यकता है। डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने शारदा महेश प्रताप देव को एवं सचिव रवि प्रकाश ने संकुल संयोजक अरविंद सेंगर को अंगवस्त्र एवं रामचरितमानस देकर सम्मानित किया। मौके पर सचिव रवि प्रकाश, सह सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष राज कुमार प्रसाद, समिति सदस्य अशोक कुमार सिंह, शैलेश अग्रवाल, शशिकला, नीरज पांडेय भवनाथपुर के प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, केतार के प्रधानाचार्य मनोज कुमार, अभिभावक इंद्रशेखर पांडेय, सुनील गुप्ता, गोपाल सिंह यादव, शशिमोहन चौबे, रजिया खातून, आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नंदलाल पांडेय, विवेक कुमार, नीरज सिंह आदि मौजूद थे।

# हंटरगंज : पिकअप की चपेट में आने से रात्रि प्रहरी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**
हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत के पचमो गांव स्थित मोबिल फैक्ट्री के रात्रि प्रहरी बिरज महतो (50) की मौत शनिवार देर रात पिकअप वाहन की चपेट में आ जाने के कारण घटनास्थल पर ही हो गई। रविवार सुबह उसके शव को फैक्ट्री के गेट पर देख लोगों ने इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के शरीर पर गाड़ी चढने का निशान देख परिजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो सीओ मिथिलेश कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय, थाना प्रभारी सनोज चौधरी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाया बुझाया और मृतक के परिजनों को ढांढस बांधते हुए सरकार द्वारा मिलने वाले परिवारिक लाभ इंश्योरेंस के अलावा कई सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक रात्रि में मोबिल फैक्ट्री के गेट पर जमीन पर सोया हुआ था। इसी दौरान पिकअप की चपेट में आ गया और मौत हो गई। ग्रामीणों ने पिकअप मोबिल मालिक सोनू कुमार निरंजन कुमार का बताया।

# बिजली सब स्टेशन घेर कर जड़ा ताला

## महुआडांड़ में अघोषित बिजली कटौती की समस्या से त्रस्त उपभोक्ता सड़क पर उतरे

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
प्रखंड में अघोषित बिजली कटौती की समस्या से त्रस्त उपभोक्ता ने रविवार सुबह बिजली सब स्टेशन का घेराव कर तालाबंदी किया। लोग कनीय अभियंता को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंग डांग को आवेदन दिया गया। आवेदन में बिजली कंनिया अभियंता की कार्यप्रणाली को देखते हुए दूसरे कंनिया अभियंता को महुआंडाड़ में पद स्थापित कराने की एवं सुचारु रूप से बिजली सप्लाई कराने की मांग की गई।

ज्ञात हो कि प्रखंड में अनियमित बिजली की कटौती से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि गुमला ग्रिड के कर्मी के अनुसार महुआडांड़ सब ग्रिड में रोजाना बाइस घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। लेकिन प्रखंड में भीषण गर्मी के बावजूद दिन के अलावा रात में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। कटौती को लेकर बिजली विभाग के



अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग द्वारा आश्वासन देने के बाद ताला खोला गया। डांग ने कहा बिजली विभाग के कंनिया अभियंता से बात कि गई है, जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा, खुद नजर रखूंगा और सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराने हेतु अन्य अधिकारियों से बात कि जा रही है। मौके पर सूरज कुमार, राशिद अली, शहजाद आलम, समीर एक्का, पवन कुमार, रोहित कुमार सूरज राम तनवीर अहमद, जितेंद्र कुमार ठाकुर मुख्तार अहमद आदि मौजूद थे।

# जामुन के पेड़ से गिरकर दो बच्चियों की दर्दनाक मौत



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिले के लावालौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित पूणार्डीह टोला में जामुन के पेड़ से गिरकर 14 वर्षीय दो बच्चियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पूणार्डीह गांव निवासी अमेरिका गंझू की पुत्री फुलमतिया कुमारी एवं रामपति गंझू की पुत्री किरण कुमारी जामुन तोड़ने के लिए गांव के सिमाने पर दोनों एक ही जामुन के पेड़ के ऊपरी सिरे के पतली डाली पर चढ़ गए। एक ही डाली पर दोनों बच्चियों के चढ़ने से वजन काफी हो जाने के कारण डाली अचानक टूट गया और दोनों सिर के बल जमीन पर गिर गई। इसे देख साथ गए अन्य कुछ बच्चे रोने चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर एक युवक दौड़कर आया और दोनों बच्चियों को उठाकर घटनास्थल से घर लाया। ग्रामीणों ने बताया कि हमने एंबुलेंस को फोन किया परंतु नंबर नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताया। घटना के एक घंटे तक दोनों बच्चियां तड़पती रही।

इसके बाद बड़ी मशक्कत से एक निजी वाहन की व्यवस्था कर इलाज के लिए ले जाया जा रहा था की रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अगर समय पर एंबुलेंस और ऑक्सीजन की व्यवस्था दी जाती तो दोनो की जान बचाई जा सकती थी।

# घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, हजारों का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
थाना क्षेत्र के शिवपुर पंचायत अंतर्गत तेलियानिजामत गांव निवासी अशोक चौधरी के फुस के घर मे आग लगने से पूरा घर जलकर राख हो गया। घटना शनिवार शाम छह बजे की है। घर में आग बिजली की शॉर्ट सर्किट से लगी थी। इस आगजनी में लगभग 50 हजार की संपति का नुकसान हुआ है। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। अशोक चौधरी बाहर मजदूरी करने गया हुआ है, जबकि पत्नी सबिता देवी बाजार गयी हुई थी। घर के एक छोटा बच्चे ने आग लगने की सूचना गांव में लोगों को दी। उसके बाद ग्रामीणों ने मोटर व चापाकल चलाकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। घर में रखे गैस सिलिंडर में भी आग पकड़ लिया था। मुखिया प्रतिनिधि अरूण राम ने लोगों के साथ आग बुझाने में भूमिका निभाई। उन्होंने सरकारी लाभ दिलाने की बात कही। अंचलाधिकारी को आवेदन देकर मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया।

## अमर्यादित टिप्पणी के आरोप में 3 युवकों को भेजा गया जेल

**चिनिया।** रनपुरा गांव निवासी तीन युवकों द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के ऊपर व श्री राम की तस्वीर पर सोशल मीडिया के माध्यम से अमर्यादित टिप्पणी करने तथा उनके अनुयायियों को गाली देने के मामले में भीम आर्मी जिला अध्यक्ष ललित राम व बजरंग दल के तेजस अभिमन्यु ने चिनिया थाने में आवेदन देकर दोषियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि इस मामले में तीन युवकों को जेल भेजा गया है साथ ही क्षेत्र के लोगों से कहा कि किसी भी तरह की अफवाह में ना पड़ें। इस तरह के मामले में अगर कोई शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी से कड़ी कारवाई की जाएगी। यह सब विवाद क्रिकेट खेलने के दौरान दोनों पक्षों के बच्चों में हुआ था, जिसे लेकर भीमराव अंबेडकर व श्री राम भगवान की तस्वीर पर अमर्यादित टिप्पणी कर पोस्ट की गई थी।

# सीओ की टीम पर ग्रामीणों के हमले की जांच करने पहुंची जिला प्रशासन की टीम

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
अवैध बालू उठाव को लेकर बूढ़ीखांड में छामामारी करने गए मंझिआंव सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता खनन माफियाओं द्वारा किए गए हमले के मामले में रविवार को जिला प्रशासन की टीम जांच करने पहुंची। अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं स्थानीय मंझिआंव थाना प्रशासन की टीम ने संयुक्त रूप से मंझिआंव के विभिन्न बालू घाटों, घटना स्थल गांव बूढ़ीखांड़ एवं बरडीहा के सलगा में छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें आरोपित सभी अभियुक्त अपने घरों से फरार पाए गये। छापेमारी के दौरान उक्त अधिकारियों ने कहा कि यह जांच का विषय है। पुलिस प्रशासन का कोआर्डिनेशन होता है।

अंचलाधिकारी के द्वारा किस तरह का बयान दिया गया है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अनुमंडल प्राधिकारी से यह भी पूछा





गया कि अंचलाधिकारी के साथ यह तीसरी घटना है कि बगैर पुलिस को सूचना दिए छापेमारी करने जाते हैं। कारण क्या है तो उन्होंने कहा कि छानबीन की जाएगी जो भी सच्चाई है बाहर निकलकर आएगी। पूछा गया कि कुछ ग्रामीणों का कहना है कि बांकी नदी से उस समय कई ट्रैक्टरों से बालू का अवैध उठाव किया जा रहा था। उन्हें छोड़कर भिस ले जा रहे ट्रैक्टर का पीछा किया गया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जो भी ग्रामीण शिकायत करना चाहते हैं इस विषय में शिकायत करें हम लोग छानबीन करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी अभियुक्त बचेगा नहीं। कुछ लोगों पर 107 भी की जाएगी जो भी लोग बालू धंधा से जुड़े हुए हैं। मौके पर मझिआंव थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार जिला से पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय थाना से सशस्त्र बल उपस्थित थे। मंझिआंव प्रखंड के बकोइया में संतोष कुमार सिंह द्वारा अवैध रूप से संचालित किये जा रहे दो इंट भट्ठा को अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा श्री महेश्वरम के नेतृत्व में ध्वस्त किया गया।

## संक्षिप्त

### मर्यादा से अलग हटकर जीना पाप : स्वामी

**श्री बंशीधर नगर।** मर्यादा से अलग हटकर जीना पाप है। हर श्रेणी के व्यक्तियों की अलग-अलग धर्म और मर्यादायें हैं, जिनका सम्यक पालन करते हुए जीवन यापन करना ही धर्म है। व्यक्ति को कभी भी अपनी मयार्दा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। जीयर स्वामी ने कहा कि धर्म का अपना अलग-अलग स्वरुप होता है। वह उसी दायरे में सुशोभित होता है। मानव धर्म, स्त्री धर्म, ब्राह्मण धर्म, ब्रह्मचारी धर्म, संन्यासी धर्म, कृषक और विद्यार्थी धर्म आदि के लिए पहली अर्हता सत्य बोलना है। साथ ही दया, सदाचार, परोपकार एवं सरलता की भावना के साथ जीवन यापन करना है। इन सभी धर्मों में मानव धर्म सर्वोच्च है, जिसमें परोपकार, दया, करुणा एवं समदर्शिता आदि के गुण समाहित हैं।

### मुखिया ने श्राद्धकर्म के लिए सहयोग किया

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह ने रविवार को बेलाबार गांव निवासी नयाजुद्दीन अंसारी के घर जाकर उनकी पत्नी मजलूम बीबी के मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त किया। मुखिया ने मृतक का श्राद्ध कर्म करने के लिए 50 किलो चावल और नकद राशि देकर सहयोग किया। इस मौके पर मेराजुद्दीन अंसारी, इद्रीश अंसारी, निसार अंसारी, फनकार साहब, इकबाल अंसारी, मुन्ना अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दो जल मीनार योजना का किया भूमि पूजन

**श्री बंशीधर नगर।** जिला परिषद सदस्य बाला रानी ने रविवार को जिला परिषद कार्यालय गढ़वा 15वे वित्त आयोग मद से लगभग 11 लाख की लागत से दो जल मीनार योजना का भूमि पूजन किया। जिपस बाला रानी ने जलमीनार का भूमि पूजन नारियल फोड़कर किया। मौके पर जिपस पति प्रमोद कुमार, मुखिया ओमप्रकाश उरांव, संजय सिंह, झामुमो नेत्री उषा देवी, मनोज डॉन आदि मौजूद थे।

### सत्संग सह भंडारे का किया गया आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** ठाकुर अनुकूलचद्र के अनुयायियों द्वारा रविवार को सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल, अखिलेश प्रसाद, राहुल कुमार, राकेश कुमार, संजय मेहता, भोला सिंदुरिया, ब्रजेश तिवारी, प्रमोद चौबे, मोनू तिवारी, शिवम तिवारी, मनदीप कुमार, विजय नंदन सिन्हा, अंकित कुमार, श्रवण विश्वकर्मा, राहुल दा, धृतिदीप्त, आशा कुमारी, प्रीति देवी, संध्या कुमारी, गीता देवी, सबिता कुमारी, बबिता सिंह, निर्मला जायसवाल, पूजा देवी, अनिता सिन्हा, मधुबाला, दीपमाला, सुप्रिया आदि उपस्थित थे।

### जामुन के पेड़ से गिरकर घायल हुआ व्यक्ति

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के डंडई के सकलदीप टोला निवासी सुमित कुमार जामुन के पेड़ से गिरकर घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुमित कुमार जामुन तोड़ने के लिए जामुन के पेड़ पर चढ़ा हुआ था। इसी बीच अचानक जामुन के पेड़ से गिरकर घायल हो गया।

### 27 सालों तक गढ़वा को ठगे दो नाथ: नितेश

**गढ़वा।** जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने रविवार को परिसदन भवन में प्रेस वार्ता कर कहा कि 27 सालों तक गढ़वा की जनता को दो नाथ ने मिलकर ठगने का काम किया है। वर्तमान में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं तो उक्त दोनों में खलबली मच गई है। अब योजनाएं धरातल पर उतर रही है तो पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह व पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को कुर्सी से बेदखल कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी करनी को समझ गई है।

## घोषणा : 54 सड़कों के निर्माण की मिली स्वीकृति

# सभी कच्ची सड़कें बनेंगी पक्की : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र का कोई भी सड़क अब कच्ची सड़क नहीं रहेगी। सभी सड़कों का पक्कीकरण किया जाएगा। गढ़वा नप नगर क्षेत्र के 54 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके लिए सात करोड़, 32 लाख रुपये राशि की स्वीकृति दी गई है।

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पूरे गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र का सर्वे कराया गया था। इनमें 160 कच्ची सड़कें पाई गई थी। इनमें प्रथम चरण में 54 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इनका निर्माण 15 वें वित्त मद की राशि से किया जाएगा। एक सप्ताह के अंदर निविदा की प्रक्रिया



पूर्ण कर सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वीकृत सड़कों में वार्ड एक में 15, वर्ग दो में आठ, वार्ड तीन में एक, वार्ड चार में दो, वार्ड पांच में एक, वार्ड छह में एक, वार्ड आठ में एक, वार्ड 12 में एक, वार्ड 1 3 में सात, वार्ड 15 में तीन, वार्ड 16 में एक, वार्ड 18 में पांच तथा वार्ड 19 में सात सड़कें शामिल है। इन सड़कों का निर्माण विभिन्न पैकेजों में बांटकर किया जाएगा। इनमें 40 लाख से लेकर 98 लाख तक का पैकेज बनाया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि शेष बचे सड़कों की भी यथाशीघ्र स्वीकृत दिला कर विभिन्न मदों से कार्य कराया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आजादी के 76 वर्षों बाद भी आज तक गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में कच्ची सड़कें हैं, यह बहुत ही दुखद बात है। गढ़वा की इस समस्या को पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगा। इसके लिए उन्होंने पूरे शहरी क्षेत्र का सर्वे कराया था। अब गढ़वा शहर की सभी सड़कों का पक्की करण किया जाएगा। नगर परिषद क्षेत्र में अब कोई भी सड़क कच्ची नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि आज तक शहर की इस दुखद स्थिति को दूर करने के लिए पूर्व के किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई प्रयास नहीं किया। मंत्री ने कहा कि शहर में भी कच्ची सड़क का होना दुर्भाग्य की बात है। परंतु अब गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र का यह दुर्भाग्य बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा।

# भाजपा में महिलाओं को मिलता है सम्मान : केशरी

## महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा में महिलाओं को सम्मान मिलता है। भाजपा ने देश के बड़े से बड़े पदों पर महिलाओं को बैठाया है। वहीं दूसरे दलों में महिलाओं को सम्मान नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनावों में महिलाओं की अहम भागीदारी होगी। इसके लिए महिला मोर्चा को सशक्त बनाने की आवश्यकता है। महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह गढ़वा जिला प्रभारी रुपा सिंह ने कहा कि महिला मोर्चा जिला से लेकर प्रदेश तक महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है जहां हर कार्यकर्ता को समान रूप से सम्मान मिलता है। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता ने कहा कि महिला मोर्चा गढ़वा जिले भर में हर मंडल बुथ स्तर पर महिलाओं को जोड़ने का काम करेगी। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मीना गुप्ता, जिला मंत्री मधुलता कुमारी, भाजपा नेत्री वीणा पाठक, मीरा यादव, अंजलि गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, महामंत्री शोभा जायसवाल, सोनु देवी, मंत्री पार्वती सिंह, सीमा देवी, तारा देवी, प्रतिमा देवी, ऊषा गुप्ता, मंती देवी, संगीता गिरजा, मनती, चमेली, सुकुन, सविता, विकास तिवारी, प्रिंस तिवारी कन्हाई साव, राजबली मिंज सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# कलंकित मानवता

***वर्तमान*** समय में मानवता नाम की कोई चीज नहीं बची है। रिश्ते नाते सब दिखावा के वस्तु बन गये हैं। मानवीय संवेदनायें समाप्त हो गयी हैं। झारखंड के चतरा में एक पिता ने अपने एकलौते पुत्र की गला घोटकर हत्या कर दी। यह मामला जिले के वशिष्टनगर (जोरी) थाना क्षेत्र की है। इस हृदय विदारक घटना के संबंध में कहा जाता है कि लड़के ने कुरकुरे खाने के लिए महज दस रूपये की मांग की थी। नशेड़ी पिता इस बात से इतना नाराज हुआ कि उसने उसकी गला घोट कर उसकी हत्या कर दी। मासूम दर्द से छटपटाता मृत्यु को गले लगा लिया। कई बार सम्पति के विवाद में बेटे ने अपने पिता की हत्या कर दी । ऐसी घटनायें हमारे समाज में आम बात हो गयी हैं। मानवीय संवेदनाओं को तार-तार करने वाली ऐसी घटनायें आम आदमी को विचलित करती हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसी घटनायें क्यों होती हैं। इस सवाल का जवाब आम आदमी ढूंढने का प्रयास करता है तो उसे जो भान होता है वह यह बताता है कि पाश्चात्य संस्कृति का घेरा हमारी संवेदनाओं को खत्म करने पर आमादा है। पुराने रीति रिवाज हमारे दरवाजे से गायब हो गये हैं। जिसे अपनाने के लिए आज कोई तैयार नहीं है। आर्थिक युग में संबंधों की डोर खत्म हो गये हैं। एकल परिवार की सोच ने नया साम्राज्य खड़ा किया है। कोई संयुक्त परिवार में नहीं रहना चाहता है। बड़े और बुढ़ों की कद्र समाप्त हो गयी है। यही कारण है कि आज परिवार टूट रहे हैं। रिश्ते दरक रहे हैं। बहरहाल कुछ घटनायें मन को विचलित कर देती हैं। संस्कृति और संस्कार की बात कल की बात हैं। चमक और दमक भरी जिन्दगी से प्रभावित व्यक्ति कोई भी गलत कार्य करने को आमादा है। बस उसे आराम और ऐयासी के लिए धन मिल जाये। यही कारण है कि समाज में अपराध का बोलबाला है। कोई पैसे के सामने किसी को समझने को तैयार नहीं है। हमारे समाज में अपराधियों की नकल की जाती है। बहुत सारे युवा वर्ग उसे अपना आइकॉन मानने लगते हैं। यही कारण है कि आज अपराध फल फूल रहे हैं। यह एक स्टेटस सेंबल बनता जा रहा है। शराब की गिरफ़्त में आज के आदमी को किसी की परवाह नहीं हैं। यही कारण है कि वह मासूम काफी देर तक खुद को इस फंदे से आजाद होने के लिए छटपटाता रहा, परंतु जब तक उसकी सांस नहीं रुक गई नशेड़ी पिता ने उसे नहीं छोड़ा। इसके बाद इकलौते बेटे को मारकर वह आराम से घर में बैठा रहा। जब मृतक की बहन ईंट भट्ठा पर काम कर खाना खाने के लिए घर पहुंची तो भाई को मृत देख कर रोने बिलखने लगी और हत्यारे पिता पर टूट पड़ी। घर में चीख पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग भी जुट गये। स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने थाना को सूचना दी। आरोपी पिता को गिरफ़्तार कर विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। यह महज एक घटना नहीं है,अपितु हमारे दरवाजे पर असंख्य सवालिया निशान हैं। आखिर यह सब क्यों हो रहा है? क्या हमारी संवेदनायें इतनी मर गयी हैं कि हम अच्छे बुरे का भान भूल गये हैं। आखिर इन दुर्घटनाओं पर अंकुश कैसे लगे यह सोचना जरुरी है। सरकार की नहीं,बल्कि हम-सब की जिम्मेवारी है कि आस-पास हो रही घटनाओं से सबक लेकर समाज में फैली बुराई को समाप्त करने की दिशा में एक दूसरे को सहयोग करें। यह तभी संभव है जब आपसी भाईचारा का ताना -बाना समाज में बना रहेगा। हत्या किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। ऐसा करने वाला निश्चित रूप से मानसिक बीमारी से ग्रस्त रहता है।

**यह मामला जिले के वशिष्टनगर (जोरी) थाना क्षेत्र की है। इस हृदय विदारक घटना के संबंध में कहा जाता है कि लड़के ने कुरकुरे खाने के लिए महज दस रुपये की मांग की थी।**

# देश की चिकित्सा शिक्षा में परिवर्तन का समय





डॉ. अजय खेमरिया

***चिकित्सा*** शिक्षा के क्षेत्र में हाल ही में दो महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव हुए हैं। पहला देश भर में यूजी यानी एमबीबीएस प्रवेश के लिए कॉमन काउंसिलिंग होगी। दूसरा मध्य प्रदेश सरकार ने पीजी कर रहे डॉक्टरों के लिए तीन महीने ग्रामीण क्षेत्रों में एक तरह की इंटर्नशिप को अनिवार्य बना दिया है। दोनों ही निर्णय चिकित्सा शिक्षा को समावेशी बनाने में सहायक होंगे लेकिन भारत में अभी भी यह क्षेत्र कुछ बड़े निर्णय के इंतजार में है। बेशक मौजूदा केंद्र सरकार ने चिकित्सा शिक्षा के ढांचे में ऐतिहासिक बदलाव सुनिश्चित किये हैं जिसके चलते अब डॉक्टरी पेशा अभिजात्य श्रेणी से निकलकर आम भारतीय की पहुंच में आया है लेकिन जनस्वास्थ्य के मोर्चे पर आज भी देश की आबादी और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बीच भरोसे का अपेक्षित रिश्ता विकसित नही है। देश में एमबीबीएस सीट की संख्या पिछले नौ सालों में 51348 से बढ़कर 101043 एवं पीजी सीटों की संख्या 31185 से बढ़ाकर करीब 65 हजार की जा चुकी हैं। देश में इस समय 654 मेडिकल कॉलेज हैं जो 2014 में 387 ही थे और सरकार एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की परियोजना पर भी तेजी से काम कर रही है। इस बुनियादी सुधार के बाबजूद समग्र रूप में सार्वजनिक क्षेत्र की जनस्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आम आदमी का भरोसा कमजोर ही बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की पिछली रिपोर्ट बताती है कि देश के 50 फीसद लोग बीमार होने पर सरकारी अस्पतालों में नही जाते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि सार्वजनिक अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सको की भारी कमी से जूझ रहे हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पंजाब, उत्तराखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्यों की स्थिति इस मामले में सर्वाधिक खराब है। बिहार में तो 80 फीसदी और उत्तर प्रदेश में 75 प्रतिशत लोग अपने इलाज के लिए निजी डॉक्टरों या अस्पताल में जाने को विवश हैं। सवाल यह है कि आखिर सार्वजनिक सेवाओं को जनोन्मुखी कैसे बनाया जाए? इसके लिए सबसे बेहतर तरीका यही है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता को सार्वजनिक अस्पतालों में बढ़ाना होगा। इसके लिए हमें इंग्लैंड की स्वास्थ्य सेवाओं का अध्ययन करना चाहिए जहां पीजी की पढ़ाई भारत की तरह केवल मेडिकल कॉलेजों में नहीं होती है। वहां सभी पीजी डॉक्टरों को सबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात किया जाता है और केवल थ्योरी क्लास के लिए मेडिकल कॉलेज जाना होता है। नतीजतन इंग्लैंड के सरकारी अस्पतालों में हर समय चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं। भारत में भी इस प्रयोग को किया जाना बेहद सरल है। देश के सभी मेडिकल कॉलेजों के पीजी विद्यार्थियों को डिग्री समाप्त होने तक ग्रामीण, कस्बाई या जिला अस्पतालों में पदस्थ किया जा सकता है। इसके दो फायदे होंगे। पहला सरकारी अस्पतालों में हर समय विशेषज्ञ डॉक्टर मिल सकेंगे और पीजी डॉक्टरों को भी बेहतर अनुभव हासिल होगा। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकीय रिपोर्ट 2022 कहती है कि देश के 6064 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यानी सीएचसी में सर्जन के 83 प्रतिशत, गायनिक 74 प्रतिशत, पीडियाट्रिक्स 81.6 और जनरल ड्यूटी वाले 79.1 फीसद चिकित्सक उपलब्ध ही नहीं। हालांकि यह भी तथ्य है कि 2005 की तुलना में पांच फीसदी विशेषज्ञ एवं 20 प्रतिशत जनरल ड्यूटी यानी एमबीबीएस डॉक्टर सीएचसी में बढ़े हैं लेकिन अकेले केंद्र के अधीन चलने वाले अस्पताल जिनमें 22 नये एम्स भी शामिल हैं वहां तीन हजार डॉक्टरों एवं 21 हजार पैरा मेडिकल स्टाफ की कमी भी चिंतित करने वाला पक्ष है। हमारे देश में सरकारी अस्पताल आज भी एलोपैथी डॉक्टरों को आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि करीब 12 लाख कुल पंजीकृत डॉक्टरों में से मात्र 1.5 लाख डॉक्टर ही समग्र सरकारी तंत्र का हिस्सा हैं। इसमें भी आधे डॉक्टर तो आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में पंजीकृत हैं यह राज्य पहले से ही स्वास्थ्य मानकों पर उत्तर भारत से बहुत आगे हैं। वस्तुतः मेडिकल शिक्षा का मौजूदा ढांचा अभी भी भारत में आबादी के साथ न्याय नहीं करता है। इन चार राज्यों में सर्वाधिक निजी मेडिकल कॉलेज भी हैं। जाहिर है यहां से निकलने वाले डॉक्टरों की प्राथमिकता में सरकारी सेवाएं स्वाभाविक ही नहीं रहती हैं। बेहतर होगा मेडिकल कॉलेजों की संख्या हिंदी बेल्ट में तेजी के साथ बढ़ाई जाय। मध्य प्रदेश सरकार के तीन महीने के पीजी इंटर्नशिप कार्यक्रम को तीन साल बढ़ाकर नीतिगत रूप से सार्वजनिक अस्पतालों के साथ देश भर में जोड़ा जाना चाहिए। इसके अलावा करीब डेढ़ लाख एमबीबीएस डॉक्टर हर साल पीजी डिग्री के लिए नीट की परीक्षा देते हैं लेकिन इनमें से एक लाख फैल हो जाते हैं। इसके बाद वे फिर परीक्षा की तैयारियों में जुट जाते हैंष लिहाजा उनके चिकित्सकीय कौशल का देश को कोई फायदा नहीं होता। सरकार इन सभी को सार्वजनिक अस्पताल के साथ जोड़कर अगले चरण में पीजी वेटेज दे सकती है। हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने देश के शीर्ष निजी अस्पतालों के साथ बैठक कर उनसे एमबीबीएस और पीजी सीटों के साथ पढ़ाई कराने का आग्रह किया है, सरकार इस मामले में सख्ती के साथ विनियमन पर आगे बढ़ सकती है। यह भी डॉक्टरों की कमी को पूरा करने का एक बेहतर रास्ता हो सकता है। देशभर में अभी प्रायः हर राज्य का अपना मेडिकल परीक्षा तंत्र है जो सरकारी ढर्रे पर चल रहा है। किसी भी राज्य में समय पर मेडिकल कॉलेजों में परीक्षा नहीं हो पाती हैं। कुछ राज्यों में तो एक से डेढ़ साल तक सेमेस्टर बिलंब से चलते हैं। यह स्थिति भी अंततः देश के लिए नुकसानदेह ही है। अब समय आ गया है कि देश में एकीकृत चिकित्सा पाठ्यक्रम हो और नीट की तर्ज पर एक साथ कॉलेजों में परीक्षा का आयोजन हो ताकि समय पर डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। इस दिशा में एक देश-एक परीक्षा और एक पाठ्यक्रम की नीति को राज्यों के साथ मिलकर अपनाया जाना चाहिए। एकसाथ परीक्षा से समय पर नतीजे घोषित होंगे और डॉक्टरों की उपलब्धता समाज मे सुनिश्चित होगी। अभी पाठ्यक्रम के स्तर पर भी विविधता है जबकि होना यह चाहिए कि देश के सभी मेडिकल कॉलेजों में एक समान पाठ्यक्रम में पढ़ाई हो। भाषा के स्तर पर स्थानीयता का ध्यान रखा जा सकता है।

**राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे बताती है कि देश के 50 फीसद लोग बीमार होने पर सरकारी अस्पतालों में नहीं जाते हैं। क्योंकि सार्वजनिक अस्पताल विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी से जूझ रहे हैं।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने बृहस्पति देव की कथा

***ब्रह्माजी*** के श्राप के चलते उपबहर्ण को अगले जन्म में एक शूद्र दासी ने जन्म दिया। उनका नाम नंद रखा गया। नंद को बचपन से ब्राह्मणों की सेवा में लगा दिया गया था। वे तन-मन से ब्राह्मणों की सेवा में लीन हो गए। इससे उनके पूर्व जन्म के पाप धीरे-धीरे धुलते गए। समय के साथ उनका मन प्रभु की भक्ति में लगने लगा। वे भगवान विष्णु की भक्ति में लीन हो गए। इससे खुश होकर खुद प्रभु ने उन्हें दर्शन दिए और नंद को ब्रह्मपुत्र होने का वरदान मिला। इस तरह वे देवर्षि बन गए। कहते हैं कि सृष्टि के अंत के हजारों सालों बाद इसकी फिर से रचना हुई। तब ब्रह्माजी ने 10 मानस पुत्रों को जन्म दिया। इनमें से एक नारद हैं। नारद भगवान विष्णु के परम भक्त थे इसलिए तीनों लोकों में विचरण करते हुए वे विष्णुजी की महिमा का बखान करने लगे। तीनों लोकों में विचरण करने की वजह से उनके पास हर जगह की खबर होती थी। इसलिए उन्हें संसार का पहला पत्रकार भी माना जाता है।

*(समाप्त)*

### *आइये सुने भगवान लक्ष्मण की कहानी*

राम लक्ष्मण की कहानी भगवान श्री राम लक्ष्मण और सीता जी पिता दशरथ जी की आज्ञा से वनवास जाने लगे रास्ते में सभी तीर्थ गंगा , यमुना , गोमती नदियों में पितृ तर्पण कर वन में कंद मूल , फल फूल खाते हुए वन में अपना समय व्यतीत करने लगे। कार्तिक का महिना आया एकम के दिन लक्ष्मण जी ने राम जी की आज्ञा से फल फूल लाकर माँ सीता को दिये तब माँ सीता ने चार पतल परोसी तब लक्ष्मण ने पूछा भाभी माँ हम तीन हैं फिर चार में क्यों परोसा तब माँ सीता बोली एक पतल गों माता की हैं। राम जी , लक्ष्मण जी , गोंमाता को पतल परोस दी तब राम जी ने पूछा सीता जी आप ने खाना शुरू क्यों नहीं किया।

*(क्रमशः)*

# कर्नाटक में धर्मांतरण विरोध कानून हो रहा है रद्द




डॉ.मयंक चतुर्वेदी

***कर्नाटक*** की 224 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस ने 135 सीटों पर जीत दर्ज कर सरकार बनाई और भारतीय जनता पार्टी विधानसभा की 66 सीटें पाकर सत्ता से बाहर हो गई। देश ने देखा भी कि जब इलेक्शन के परिणाम घोषित हो रहे थे तब कांग्रेस के नेताओं के साथ आम कार्यकर्ताओं के चेहरे पर एक अलग प्रकार की खुशी थी। कई कार्यालयों में हनुमान जी की गदा कार्यकर्ताओं के साथ नेताओं के हाथों में लहरा रही थी और दावे यही कि जा रहे थे कि बजरंगबली का साथ भाजपा को नहीं कांग्रेस को कर्नाटक में मिला और वह सत्ता पर काबिज हो गई। लेकिन उन्हीं बजरंगबली को पूजनेवाले बहुसंख्यक समाज की रक्षा करने एवं उसके अस्तित्व को बनाये रखने के लिए जिस संविधानिक व्यवस्था से धर्मांतरण विरोधी कानून कर्नाटक में पिछली भाजपा सरकार लाई थी, आज उसी को नई कांग्रेस सिद्धारमैया सरकार रद्द करने जा रही है। सही भी है, सत्ता जिसकी, निर्णय भी उसका । किंतु क्या यह सिद्धारमैया सरकार उन मुट्ठीभर मुसलमानों के भरोसे आई है, जोकि इस कानून के बनने के पहले दिन से ही इसका विरोध कर रहे थे? क्या यह कांग्रेस सरकार का निर्णय उन बहुसंख्यक हिन्दुओं को फिर एक संघर्ष की आग में झोंक देने वाला नहीं होगा? जिसमें प्रशासन अब तक कानून होने के कारण सहयोग करता रहा और अब तक कई लव जिहाद या अन्य इसी प्रकार के मामलों में बेटियां बचाई जाती रहीं । क्या इस एक निर्णय से पुनः ऐसी घटनाओं को बढ़ने से रोका जा सकेगा? प्रश्न अनेक हो सकते हैं, लेकिन इन सभी प्रश्नों का उत्तर एक ही है कि कानून का भय समाप्त होते ही लव जिहादी पहले से ओर अधिक खुला घूमेंगे। कहना होगा कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक बार फिर हिन्दुओं को उन तमाम विवादों में झोंक दिया है, जिससे वे राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून होने के कारण से बचते आ रहे हैं । हम सभी जानते हैं कि कर्नाटक में धर्मांतरण विरोधी कानून 2022 में लाया गया था, इसके बाद पूर्व की तुलना में ऐसे मामलों में कमी देखी गई, जिसमें कि एक धर्म से दूसरे धर्म में जबरन, किसी के प्रभाव में या बहकाकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। वस्तुतः पूर्व की भाजपा सरकार ने ऐसा करना गैर कानूनी बना दिया था। यहां जो धर्मांतरण विरोधी कानून का उल्लंघन करता पाया जाता, उसे इसके अंतर्गत तीन से पांच साल की कैद और 25000 रुपये जुर्माना देना अनिवार्य कर दिया गया था। इतना ही नहीं तो इस कानून के तहत धर्म परिवर्तन कराने वाले व्यक्ति पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाने का भी प्रावधान किया गया । सामूहिक तौर पर धर्म परिवर्तन के लिए तीन से दस साल तक की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। यह भी कहा गया कि कोई भी शादी जो धर्म परिवर्तन के इरादे से ही की गई है, उसे फैमिली कोर्ट द्वारा अवैध माना जायेगा और ऐसा किया जाना गैरजमानती अपराध की श्रेणी में रखा गया। वास्तव में इस कानून के प्रभाव से यहां देखने में आया कि जब से यह कानून बना, राज्य में ऐसे मामलों में अचानक से कमी आ गई थी। फिर भी इसमें जो सबसे अधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुए, उनमें लव जिहाद के ही सबसे अधिक रहे, इसमें धर्मांतरण के मामलों में शिकार अधिकतम हिन्दू ही बने, जिसकी शिकायत होने पर पुलिस ने इस कानून में नियमानुसार अपनी कार्रवाई भी की। लेकिन अब आगे से यह कानून समाप्त हो रहा है। इसके साथ कानून के नियमन से व्याप्त होनेवाला भय भी समाप्त हो जायेगा। अब इसके समापन का नकारात्मक प्रभाव किस पर सबसे अधिक पड़ेगा? स्वभाविक उत्तर है, कर्नाटक के बहुसंख्यक हिन्दू समाज पर। यह कुछ घटनाएं पिछले साल की हैं, जिनका उदाहरण यहां देना समीचीन होगा।


**सामूहिक तौर पर धर्म परिवर्तन के लिए तीन से दस साल तक की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। यह भी कहा गया कि कोई भी शादी जो धर्म परिवर्तन के इरादे से ही की गई है।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# योग ही है अमृतकाल को अमृतमय बनाने का आधार



ललित गर्ग

***अनादिकाल*** से भारत योग भूमि के रूप में विख्यात इसलिये रही कि इसने शरीर से ही नहीं बल्कि मन से स्वस्थ रहना सिखाया। भारतीय योग तन और मन को स्वस्थ, सहज एवं संतुलित रखने का दर्शन है। सर्व भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया का पाठ पठाने वाले देश का कण-कण, अणु-अणु न जाने कितने योगियों की योग-साधना से आप्लावित हुआ है। इसी भूमि पर कभी वैदिक ऋषियों एवं महर्षियों की तपस्या साकार हुई थी तो कभी भगवान महावीर, बुद्ध एवं आद्य शंकराचार्य की साधना ने इस माटी को कृत्कृत्य किया था। साक्षी है यही धरा रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना की, साक्षी है यहां का कण-कण विवेकानंद की विवेक-साधना का, साक्षी है क्रांत योगी से बने अध्यात्म योगी अरविन्द की ज्ञान साधना का और साक्षी है महात्मा गांधी की कर्मयोग-साधना का। योग साधना की यह मंदाकिनी न कभी यहां अवरुद्ध हुई है और न ही कभी अवरुद्ध होगी। इसी योग मंदाकिनी से आज समूचा विश्व आप्लावित हो रहा है, निश्चित ही यह एक शुभ संकेत है सम्पूर्ण मानवता के लिये। विश्व योग दिवस की सार्थकता इसी बात में है कि सुधरे व्यक्ति, समाज व्यक्ति से, विश्व मानवता का कल्याण हो। सचमुच योग वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। लोगों का जीवन योगमय हो, इसी से युग की धारा को बदला जा सकता है। योग दिवस की अन्तराष्ट्रीय स्वीकार्यता के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सूझबूझ एवं प्रयासों से अपूर्व वातावरण बना है। जी-20 देशों की अध्यक्षता करते हुए सहज ही योग की प्रासंगिकता बढ़ी है क्योंकि आज महामारी, महायुद्ध, आतंकवाद, बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी के कारण जीवन का हर क्षेत्र समस्याओं से घिरा हुआ है, जिसके कारण हर व्यक्ति एवं परिवार अपने दैनिक जीवन में अत्यधिक तनाव/दबाव महसूस कर रहा है। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वंद्व और मानसिक उथल-पुथल की जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के सम्मुख जीवन का संकट खड़ा है। मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है। मानसिक संतुलन का अर्थ है विभिन्न परिस्थितियों में तालमेल स्थापित करना, जिसका सशक्त एवं प्रभावी माध्यम योग ही है। योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं, श्वासों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, प्राणायाम और कसरत करते हैं तो यह सब हमारे शरीर और मन को भीतर से खुश और प्रफुल्लित रहने के लिये प्रेरित करती है। योग जीवन की अस्त-व्यस्तता एवं तनावों से मुक्ति का सशक्त माध्यम है। योग करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है इसे सही तरीके से करना। योग मनुष्य की चेतना को शुद्ध एवं बुद्ध करने की प्रक्रिया है, यह मनुष्य को ऊपर उठाने का उपक्रम है, जीवन में संतुलन स्थापित करने का साधन है एवं परमात्मा एवं परम ब्रह्म से एकाकार होने का विज्ञान है। यह साक्षात्कार न तो प्रवचन से ही प्राप्त हो सकता है, न बुद्धि से ही प्राप्त हो सकता है और न बहुत सुनने से ही प्राप्त हो सकता है, उसके लिये जरूरी है स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार और यह साक्षात्कार उसी को होता है जिसका अंतः करण निर्मल और पवित्र है। पवित्र अंतःकरण ही वह दर्पण है जिसमें आत्मा का दर्शन, प्रकृति का प्रदर्शन और ब्रह्म का संदर्शन होता है। शुद्ध अंतःकरण में बुद्धि आकाशवत निर्मल और स्वच्छ रहती है, मन गंगा जैसा पवित्र रहता है, चित्त ऐसा स्थिर रहता है जैसे बिना वायु के अविचल दीपक की ज्योति और सम्पूर्ण चेतना भगवान में मिलने के लिए ऐसी बहती है जैसे समुद्र में मिलने के लिए नदियां।

**योग एक ऐसी तकनीक है, एक विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन, विचार एवं आत्मा को स्वस्थ करती है। यह हमारे तनाव एवं कुंठा को दूर करती है। जब हम योग करते हैं।**

देश-विदेश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

## सात्विक और चिराग ने जीता इंडोनेशिया ओपन का खिताब



**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी को 21-17, 21-18 से हराकर सुपर 1000 स्तर की प्रतियोगिता को अपने नाम करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता और एशियाई चैम्पियन भारतीय जोड़ी को इस कड़े मुकाबले को जीतने में 43 मिनट का समय लगा। मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ सात बार हारने के बाद सात्विक और चिराग को पहली जीत मिली है। यह इंडोनेशिया ओपन के डबल्स इवेंट में भारत का पहला खिताब भी है।

## बोर्गेस को हराकर नॉटिंघम ओपन के फाइनल में पहुंचे मरे

**नॉटिंघम (यूके)।** पूर्व विश्व नंबर 1 एंडी मरे ने यहां नूनो बोर्गेस को 6-3, 6-2 से हराकर नॉटिंघम ओपन के फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी ग्रास कोर्ट फॉर्म जारी रखी। शनिवार को मरे की जीत ग्रास कोर्ट पर उनकी लगातार नौवीं जीत थी। पिछले हफ्ते, जब उन्होंने लेक्सस सर्बिटन ट्रॉफी में जीत हासिल की, तो वह चैलेंजर इतिहास (1978 से) में सबसे पुराने ग्रास-कोर्ट चैंपियन बन गए। 36 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को साल के अपने तीसरे चैलेंजर टूर खिताब का पीछा करेंगे, जब वह फाइनल में आर्थर कैजाक्स से भिड़ेंगे। द नेक्स्टजेन एटीपी फ्रेंचमैन ने चैलेंजर टूर 125 इवेंट के दूसरे सेमीफाइनल में डोमिनिक कोएफर को 7-5, 6-2 से हराया।

## मुरली श्रीशंकर ने विश्व चैंपियनशिप का टिकट हासिल किया

**भुवनेश्वर।** लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने रविवार को यहां राष्ट्रीय अंतर-राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में 8.41 मीटर की छलांग लगाकर आगामी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। 24 वर्षीय श्रीशंकर ने कलिंगा स्टेडियम में तपती गर्मी के दौरान अपने पहले प्रयास में अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ हासिल किया। हालांकि, वह जेसविन के एल्ड्रिन के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से 0.01 मीटर दूर रह गए, लेकिन आसानी से विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मार्क 8.25 मीटर को तोड़ दिया।

# आखिरी सेशन में थोड़ी सुस्त थी इंग्लैंड : नासिर हुसैन

**एजेंसी। बर्मिंघम (यूके)**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन को लगता है कि शनिवार को यहां एजबेस्टन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज टेस्ट मैच के दूसरे दिन के आखिरी सत्र में इंग्लैंड थोड़ा सुस्त था। उस्मान ख्वाजा के 126 (279)* और एलेक्स केरी के 52(80)* ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे दिन के स्टंप्स पर 94 ओवरों में 311/5 तक पहुंचने में मदद की, हालांकि वह अभी भी 82 रनों से पीछे है। हुसैन ने बताया, 'यह स्पिन करना शुरू कर दिया था, मुझे लगा कि मोईन अली ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन फिर मुझे लगा कि वे उस आखिरी सत्र में थोड़े ढीले थे।' हुसैन ने आखिरी सत्र में मिस स्टंपिंग और कैच छोड़ने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'स्टंपिंग मिस, कैच छूटा, नो-बॉल विकेट।




इस टीम के बहुत से लोगों ने बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेली है। यह सिर्फ एक कौशल-आधारित चीज नहीं है, यह फिटनेस है। यह आखिरी सत्र में सामने आया। पूर्व इंग्लिश कप्तान ने कहा कि दूसरा दिन बल्लेबाजों के पक्ष में है और इंग्लैंड को विकेट लेने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हुसैन ने कहा, 'दूसरा दिन, एजबेस्टन, यह आमतौर पर बल्लेबाजी के लिए अच्छा दिन होता है। यह धीमी, उबड़-खाबड़ पिच है, जिस पर उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।' डेविड वॉर्नर, मारनस लाबुस्चगने और स्टीव स्मिथ के शुरूआती विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया 67/3 के स्कोर के साथ बैक फुट पर था। हालांकि ख्वाजा और ट्रैविस हेड ने चौथे विकेट के लिए साझेदारी की। हेड के आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने बोर्ड पर 148/4 का स्कोर खड़ा कर दिया था। एलेक्स केरी ने शानदार पारी खेली और 52 (80)* रन बनाए जबकि ख्वाजा ने अपना पहला इंग्लैंड टेस्ट शतक जमाया।

इंग्लैंड के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड सबसे अच्छे गेंदबाज थे जिन्होंने 2 विकेट लिए। अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए, मोईन अली ने भी दो विकेट लिए। कप्तान बेन स्टोक्स को एक विकेट मिला। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने के बाद अपनी पहली पारी 393/8 पर घोषित की। रूट का एक शतक (152 गेंदों में 7 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 118*), जॉनी बेयरस्टो (78 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 78 रन) और जैक क्रॉली (73 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 61 रन) के अर्धशतक ने इंग्लैंड को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

# पीएम मोदी ने 'मन की बात' में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। उन्होंने अलग-अलग खेलों में भारतीय टीम की उपलब्धियों पर चर्चा की और खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सराहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खेल जगत से भारत के लिए कई बड़ी खुशखबरी आई हैं। भारतीय टीम ने पहली बार महिला जूनियर एशिया कप जीतकर तिरंगे की शान बढ़ाई है। इसी महीने हमारी पुरुष हॉकी टीम ने भी जूनियर एशिया कप जीता है। उन्होंने कहा कि जूनियर शूटिंग विश्व कप में भी हमारी जूनियर टीम ने कमाल कर दिया। भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है। इस प्रतियोगिता में कुल जितने गोल्ड मेडल्स थे, उसमें से 20 प्रतिशत अकेले भारत के खाते में आए हैं। इसी जून में एशियन



अंडर20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप भी हुई। इसमें, भारत, पदक तालिका में 45 देशों में टॉप तीन में रहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में देश की इस सफलता के पीछे राष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत होती है। आज देश के अलग-अलग राज्यों में एक नए उत्साह के साथ खेलों के आयोजन होते हैं। इनसे खिलाड़ियों को खेलने, जीतने और हार से सीखने का मौका मिलता है। अभी उत्तर प्रदेश में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन हुआ। इसमें युवाओं में खूब उत्साह और जोश देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने जापान के काकामीगहारा में खेले गए महिला जूनियर एशिया कप 2023 के फाइनल मुकाबले में साउथ कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। इसी तरह पुरुषों के जूनियर एशिया कप 2023 में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर चौथी बार एशिया कप खिताब जीता है।

# अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन में जीता व्यक्तिगत स्वर्ण

**एजेंसी। मेडेलिन (कोलंबिया)**

अभिषेक वर्मा ने यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन की पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंचियोन 2014 एशियाई खेलों की कंपाउंड टीम स्पर्धा के स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा के रजत पदक विजेता 33 साल के वर्मा ने शनिवार को फाइनल में अमेरिका के जेम्स लुट्ज को 148-146 से हराया। विश्व कप के कई बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा शुरूआती दो चरण से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले रोमांचक व्यक्तिगत फाइनल में दुनिया के नंबर एक तीरंदाज और शीर्ष वरीय नीदरलैंड के माइक क्लोसेर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। आठवें वरीय वर्मा ने इसके बाद अंतिम चार के मुकाबले में ब्राजील के लुकास अब्रेयू को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।



वर्मा का यह तीसरा व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक है। यह 2021 पेरिस चरण के बाद उनका पहला स्वर्ण है। उन्होंने अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पोलैंड के रॉक्लॉ में 2015 में जीता था। वह विश्व कप के व्यक्तिगत वर्ग में दो रजत और एक कांस्य पदक भी जीत चुके हैं। भारतीय टीम ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते हैं। रविवार को रिकर्व मिश्रित टीम भी कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेगी। टीम ने फ्रांस और नीदरलैंड को 6-0 के समान अंतर से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उसे कोरिया के खिलाफ 3-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी। टीम कांस्य पदक के लिए चीनी ताइपे से भिड़ेगी।

# वनडे टीम में राशिद की वापसी, नूर अहमद बाहर

**एजेंसी। काबुल**

करिश्माई लेग स्पिनर राशिद खान ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच जुलाई से चटगांव में शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए रविवार को अफगानिस्तान टीम में वापसी की। राशिद को मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए आराम दिया गया था ताकि वह अपनी फिटनेस को प्राथमिकता दे सकें। साथी लेग स्पिनर इजहारुलहक नवीद, जो ऑस्ट्रेलिया में पिछले सीजन की बिग बैश लीग में प्रभावशाली समय के साथ सुर्खियों में आए थे, को पहली बार वनडे कॉल-अप दिया गया है। लेकिन बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद, जो इस महीने की शुरूआत में श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए अफगानिस्तान की टीम में शामिल थे, को बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। अफगानिस्तान की एकदिवसीय टीम में अन्य नए नामों




में शाहिदुल्ला, जिया-उर-रहमान, वफादार मोमंद, मोहम्मद सलीम और सैयद शिरजाद शामिल हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने 10 खिलाड़ियों को भी नामित किया है जो अक्टूबर-नवंबर में भारत में आयोजित होने वाले वनडे विश्व कप और भविष्य के वनडे के लिए टीम के बैक-अप खिलाड़ी होंगे। दस बैक-अप खिलाड़ियों की सूची में करीम जनत, कैस अहमद, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, नवीन-उल-हक, दरवेश रसूली, जुबैद अकबरी, इहसानुल्लाह जनत, फरीद मलिक और इशाक रहीमी शामिल हैं। अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ सभी डे-नाइट वनडे मैच चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में 5, 8 और 11 जुलाई को खेलने हैं। इसके बाद 14 और 16 जुलाई को सिलहट में दोनों टीमों के बीच दो टी20 मैच खेले जाएंगे।

### बांग्लादेश वनडे के लिए अफगानिस्तान टीम

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, राशिद खान, अजमतुल्लाह उमरजई, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, शाहिदुल्लाह , जिया-उर-रहमान, वफादार मोमंद, मोहम्मद सलीम, सैयद शिरजाद

**अफगानिस्तान बैक-अप खिलाड़ी :** करीम जनत, जुबैद अकबरी, कैस अहमद, इहसानुल्लाह जनत, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, नवीन-उल-हक, फरीद मलिक, दरवेश रसूली, इशाक रहीमी

### बांग्लादेश-अफगानिस्तान वनडे सीरीज का कार्यक्रम

पहला वनडे, 5 जुलाई, चटगांव
दूसरा वनडे, 8 जुलाई, चटगांव
तीसरा वनडे, 11 जुलाई, चटगांव

# बेल्जियम ने ऑस्ट्रेलिया को 5-4 से ब्रिटेन ने जर्मनी को 3-0 से हराया




**एजेंसी। लंदन/एंटवर्प**

बेल्जियम की पुरुष टीम ने यहां एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5-4 से हरा दिया। शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अन्य मैचों में, नीदरलैंड की महिलाओं ने यूएसए पर 6-0 से जीत दर्ज की, जिसने 50 मिनट तक ठोस खेल दिखाया, लेकिन अंतिम 10 मिनट में चार गोल खा गई। दूसरी ओर, रेलीगेशन लड़ाई में न्यूजीलैंड ने अर्जेंटीना से तीन महत्वपूर्ण अंक छीनकर सबको चौंका दिया। ब्रिटेन ने पुरुष हॉकी के एक अन्य मैच में जर्मनी को 3-0 से हराकर अपने घरेलू दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

# वेस्टइंडीज दौरे के बाद लीसेस्टरशर के लिए खेलेंगे अजिंक्य रहाणे

### डब्ल्यूटीसी फाइनल में किया था कमाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे वेस्टइंडीज के खिलाफ उसकी सरजमीं पर दो टेस्ट की श्रृंखला के बाद इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर की ओर से डिविजन दो में खेलेंगे। पूर्व भारतीय कप्तान रहाणे ने इसी महीने की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के साथ भारतीय टीम में सफल वापसी की थी। रहाणे ने जनवरी में लीसेस्टशर के साथ करार किया था और आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद उन्हें



जून से सितंबर के बीच टीम के लिए आठ प्रथम श्रेणी मैच के अलावा पूरा रॉयल लंदन कप (50 ओवर का घरेलू टूर्नामेंट) खेलना था। हालांकि भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के कारण वह इस काउंटी टीम से नहीं जुड़ पाए। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने बताया, अजिंक्य वेस्टइंडीज में दो टेस्ट (जिसके 24 जुलाई को खत्म होने की संभावना है) के बाद सीधे इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे और बाकी सत्र के लिए लीसेस्टरशर से जुड़ेंगे। वह अगस्त में रॉयल लंदन कप में खेलेंगे और सितंबर में संभवतः चार काउंटी मैच खेलेंगे क्योंकि उनके सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने की उम्मीद नहीं है। रहाणे दूसरी बार काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। इससे पहले वह 2019 सत्र में हैम्पशर की ओर से खेले थे जब उन्हें 50 ओवर के विश्व कप की टीम से बाहर कर दिया गया था। डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की पहली पारी में 89 रन बनाने वाले रहाणे ने हाल में 83 टेस्ट में पांच हजार रन पूरे किए।

# साक्षी मलिक कांग्रेस के हाथ की कठपुतली: बबीता फोगाट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कुश्ती खिलाड़ी और भाजपा नेता बबीता फोगाट ने सांसद बृजभूषण के खिलाफ आंदोलनरत पहलवान साक्षी मलिक को कांग्रेस के हाथ की कठपुतली बताया है। उन्होंने कहा, ह्लदेश की जनता समझ चुकी है कि आप कांग्रेस के हाथ की कठपुतली बन चुकी हो। अब समय आ गया है कि आपको आपकी वास्तविक मंशा बता देनी चाहिए क्योंकि अब जनता आपसे सवाल पूछ रही है। कल साक्षी मलिक ने अपने पति के साथ एक वीडियो में दावा किया था कि बबीता और एक अन्य भाजपा नेता ने उन्हें जंतर-मंतर पर आंदोलन के लिए अनुमति दिलाई थी। इसके जवाब में आज बबीता ने ट्वीट कर इसे पूरी तरह झूठ बताया। उन्होंने कहा कि अनुमति में उनके



सहयोग के कोई प्रमाण नहीं हैं। बबीता ने कहा कि वीडियो सामने आने के बाद अब देश की जनता को समझ में आ जाएगा की नए संसद भवन के उद्घाटन के पवित्र दिन आपका विरोध और राष्ट्र के लिए जीता हुआ मेडल गंगा में प्रवाहित करने की बात कितना देश को शर्मसार करने जैसा था। उन्होंने कहा, बहन हो सकता है आप बादाम के आटे की रोटी खाते हों लेकिन गेहूं की तो मैं ओर मेरे देश की जनता भी खाती ही है, सब समझते हैं।

**आयोजन** | यूपी में पहली बार होगा मोटरसाइकिल रेस का रोमांचकारी मुकाबला

# देश-दुनिया में ब्रांड यूपी को और मजबूती मिलेगी

**एजेंसी। लखनऊ**

रेस चाहे इंसानों की हो या वाहनों की, हमेशा रोमांचकारी होती है, और बात जब रंग-बिरंगे कपड़ों में प्रति घंटा 300 किमी या इससे ज्यादा की रफ्तार से मोटरसाइकिल की रेस हो तो बात ही कुछ और है। देश में अपनी तरह की पहली मोटरसाइकिल रेस उत्तर प्रदेश में होने जा रही है। सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के करोड़ों लोग मीडिया एवं सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इसे देख पाएंगे। 22 एवं 23 सितंबर को इस मोटर साइकिल रेस को मोटो जीपी की तरफ से ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्धा इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित किया जाएगा। जानकारों की मानें तो दुनिया के तीसरे सबसे मशहूर गेम विश्वस्तरीय मोटरसाइकिल रेसिंग मोटो जीपी के भव्य आयोजन से देश-दुनिया में ब्रांड यूपी को और मजबूती मिलेगी। आयोजन के दौरान दुनिया भर से आये मेहमानों को ओडीओपी (एक जिला, एक उत्पाद) के गिफ्ट हैंपर दिए जाएंगे। इससे मुख्यमंत्री की पसंदीदा इस योजना की ब्रांडिंग होगी। साथ ही वैश्विक स्तर पर लोग यूपी की खूबियों से भी वाकिफ होंगे। आयोजन के पहले प्रचार-प्रसार के



लिए कुछ महानगरों, खासकर दक्षिण भारत में भी कुछ कार्यक्रम होंगे।

इन सभी जगहों और आयोजन स्थल पर भी ओडीओपी के उत्पादों के स्टाल लगाए जाने की योजना है। यह ओडीओपी उत्पादों के ब्रांडिंग में सोने पर सुहागा जैसा होगा। जानकारी के अनुसार, कुछ माह पूर्व द्रोणा स्पोर्ट्स के सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) कामेर्लो ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर मोटरसाइकिल रेस के आयोजन को लेकर चर्चा की थी। उस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने सहमति के साथ हर संभव मदद का भी भरोसा दिया था। यहीं से भारत की इस पहली ग्रां प्री (जीपी) मोटरसाइकिल रेसिंग इवेंट की भूमिका तैयार हुई। उल्लेखनीय है कि द्रोणा स्पोर्ट्स के पास वैश्विक स्तर पर इस रेस की आयोजक संस्था मोटो जीपी मोटरसाइकिल रेसिंग स्पोर्ट्स की ओर से व्यावसायिक अधिकार (कॉमर्शियल होल्ड) प्राप्त है। फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स को यही अधिकार मोटो जीपी की ओर से भारत को प्राप्त है। मोटो जीपी मोटरसाइकिल रेसिंग की दुनिया की सबसे एवं प्रतिष्ठित संस्था है। ग्लोबल ट्रेड शो के दौरान आयोजकों ने दावा किया था कि भारत में बिना किसी आयोजन के ही मोटो जीपी को चाहने वाले छह करोड़ से ज्यादा लोग हैं। यही वजह है कि सबसे अधिक स्पीड वाली बाइक भी भारत में ही बिकती है। दुनिया में सबसे अधिक देखे जाने वाले खेलों में मोटो जीपी दूसरे नंबर पर आता है। इंडोनेशिया में जब 2022 में आयोजन किया गया था तो वहां 1700 करोड़ रुपये का बिजनेस हुआ। भारत में इसका कई गुना वित्तीय असर पड़ने की उम्मीद है। अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस इवेंट से वैश्विक स्तर पर एक आधुनिक और प्रगतिशील राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान और मुकम्मल होगी। हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन स्तर पर दुनिया के करीब 276 ब्रांडों की मौजूदगी निवेशकों को यूपी की संभावनाओं की ओर आकर्षित करेगी।




KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

**NEWS इन ब्रीफ**

### पुंछ में चट्टानों के नीचे से बड़ी मात्रा में जंग लगी विस्फोटक सामग्री बरामद

**पुंछ।** पुंछ जिले के सेरी चौवाना गांव के जंगली इलाके से रविवार को सुरक्षाबलों ने चट्टानों के नीचे से बड़ी मात्रा में जंग लगी विस्फोटक सामग्री बरामद की, जिसमें 11 आरपीजी राउंड और ग्रेनेड हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सेरी चौवाना जंगल से विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है, जिसमें कई ग्रेनेड भी हैं। उन्होंने कहा कि यह विस्फोटक सामग्री चट्टानों के नीचे आतंकियों ने रखी थी। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते की टीम को मौके पर बुलाया गया और विस्फोटक सामग्री को नष्ट कर दिया गया है।

### लद्दाख में भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर 4.1 की तीव्रता

**श्रीनगर।** लद्दाख में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.1 आंकी गई। हालांकि अब तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के आंकड़ों में कहा गया है कि रिक्टर पैमाने पर 4.1 तीव्रता का भूकंप लद्दाख में तड़के 2.16 बजे आया। इस भूकंप के निदेशांक 35.85 डिग्री उत्तर अक्षांश और 80.08 डिग्री पूर्व देशांतर हैं। इसका केंद्र पृथ्वी के 10 किमी नीचे था। पिछले 24 घंटों के दौरान अब तक जम्मू-कश्मीर व लद्दाख क्षेत्र में भूकंप के छह झटके महसूस किए जा चुके हैं।

**'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी**

# हम लोकतांत्रिक आदर्शों को सर्वोपरि मानते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में आपातकाल के दौरान राजनीतिक बंदियों को दी गई यातनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के अमृतकाल में हमें लोकतंत्र के खिलाफ हुए इस अपराधों को याद रखना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 102वें एपिसोड में कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हम अपने लोकतांत्रिक आदर्शों और संविधान को सर्वोपरि मानते हैं। ऐसे में हम 25 जून को कभी नहीं भुला सकते। यह वही दिन है जब हमारे देश पर आपातकाल थोपा गया था। यह भारत के इतिहास का काला दौर था। लाखों लोगों ने आपातकाल का पूरी ताकत से विरोध किया था। लोकतंत्र के समर्थकों पर उस दौरान अत्याचार किया गया था। इतनी यातनाएं दी गईं कि आज भी मन सिहर उठता है। इन अत्याचारों पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं। स्वयं उन्हें भी पुस्तक लिखने का मौका मिला। कुछ दिनों पहले उन्होंने ऐसी एक पुस्तक देखी टॉर्चर ऑफ पॉलीटिकल प्रिजनर्स इन इंडिया। पुस्तक में वर्णन किया गया है कि इमरजेंसी के दौरान कैसे उस समय की सरकार लोकतंत्र के रखवालों पर क्रूरता से व्यवहार कर रही थी। इसके बारे में जानकार आज की युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के मायने और उसकी अहमियत समझने में और ज्यादा आसानी होगी।




प्रधानमंत्री ने आज जल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, निक्षय मित्र, पेड़ लगाने की मियावाकी पद्धति, जम्मू-कश्मीर में बढ़ता डेयरी उद्योग, खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन, छत्रपति शिवाजी महाराज, योग दिवस, जगन्नाथ यात्रा, आपातकाल जैसे कई विषयों पर अपने विचार रखे। प्रधानमंत्री ने आज आपदा के समय भारत के लोगों के सामूहिक बल, सामूहिक शक्ति और चुनौतियों का हल निकालने की क्षमता की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2 दिन पहले बिपरजॉय तूफान के दौरान हमने यही ताकत देखी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि तूफान की तबाही से कच्छ के लोग बहुत तेजी से उभर जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत की आपदा प्रबंधन क्षेत्र में बड़ी ताकत अब दुनिया के लिए एक उदाहरण बन गई है। जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का सबसे अच्छा तरीका प्रकृति का संरक्षण है। उन्होंने कहा कि कैच द रैन जैसे अभियानों से देश आज इस दिशा में सामूहिक प्रयास कर रहा है। उदाहरण के तौर पर उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले की विलुप्त नदी नील नदी को जीवंत करने का प्रयास। महाराष्ट्र के निलवांडे डैम की नहर का काम पूरा होने से जुड़ी लोगों की भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि नदी, नहर, सरोवर केवल जलस्रोत नहीं बल्कि इनसे जीवन में रंग और भावनाएं जुड़ी होती हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके सुशासन और प्रबंध कौशल से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनके जल प्रबंधन, नौसेना और जलदुर्ग जैसे कार्य इतिहास का गौरव बढ़ा रहे हैं। 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने क्षय रोग यानी टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार की ओर से चलाई गई निक्षय मित्र योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2025 तक भारत को टीवी मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है।

# पूरी धाम में ऐतिहासिक रथयात्रा की तैयारी पूरी

### भाई, बहिन के साथ, कल दर्शन देंगे जगन्नाथ

**एजेंसी। पुरी**

महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा की समस्त तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं। महाप्रभु अपने अग्रज बलभद्र और बहिन सुभद्रा संग 20 जून अलग-अलग रथों पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे। जगन्नाथ अपने रथ नन्दीघोष पर सवार होंगे तो बलभद्र तालध्वज और सुभद्रा दर्पदलन रथ पर सवार होकर गुंडिचा मन्दिर को प्रस्थान करेंगे। जगन्नाथ रथ यात्रा का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। जगन्नाथ दो शब्दों के मेल से बना है। इसमें जग का अर्थ ब्रह्मांड और नाथ का अर्थ भगवान से है। इन्हें श्रीकृष्ण का ही रूप माना जाता है, जोकि भगवान विष्णु के अवतार हैं। स्कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी रथ यात्रा का वर्णन



मिलता है। ऐसी मान्यता है कि जगन्नाथ रथ यात्रा में जुलूस के दौरान रथ को खींचने से जाने-अनजाने में किए पाप नष्ट होते हैं। यही नहीं सभी दुख, कष्ट भी दूर होते हैं और सौ यज्ञ कराने जितने पुण्यफल की प्राप्त होते हैं। जगन्नाथ रथ यात्रा निकलने के पीछे कई मान्यताएं हैं।

जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ मौसी के घर गुंडिचा जाते हैं। गुंडिचा मंदिर को भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर माना गया है। यहां भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ पूरे एक हफ्ते तक ठहरते हैं। यहां उन्हें मौसी से लाड-दुलार मिलता है। कहते हैं कि मौसी के घर भगवान खूब पकवान खाते हैं। दर्शन देते हैं।

## डीआरडीओ व नौसेना ने मानव रहित विमान का किया सफलतापूर्वक प्रदर्शन

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना की टीम ने एक मानव रहित हवाई विमान का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।



डीआरडीओ और भारतीय नौसेना की टीम ने 16 जून 2023 को कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से एक मानव रहित हवाई विमान तापस की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं को स्थानांतरित करने का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।तापस ने 07.35 बजे कारवार नौसैनिक अड्डे से 285 किलोमीटर दूर एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) चित्रदुर्ग से उड़ान भरी। मानव रहित हवाई विमान को नियंत्रित करने के लिए आईएनएस सुभद्रा पर एक ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन (जीसीएस) और दो शिप डेटा टर्मिनल (एसडीटी) स्थापित किए गए थे। परीक्षण के बाद तापस एटीआर में वापस सफलतापूर्वक उतरा।

## दिल्ली में सरेआम दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आर.के. पुरम थाना क्षेत्र के अंबेडकर बस्ती इलाके में अज्ञात हमलावरों ने आज दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना से सनसनी फैल गई है। साउथ वेस्ट, दिल्ली के डीसीपी मनोज सी ने कहा कि मृतकों की पहचान पिंकी (30) और ज्योति (29) के रूप में हुई है। हमलावर मुख्य रूप से पीड़िता के भाई के लिए आए थे। प्रथम दृष्टया पैसे के लेन-देन का मामला लग रहा है। कढउ की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच चल रही है। उन्होंने ट्विट कर कहा कि महिलाओं के परिवारों के साथ हमारी संवेदनायें। भगवान



उनकी आत्मा को शांति दें। दिल्ली के लोग अपने आप को बहुत असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। जिन लोगों को दिल्ली की कानून व्यवस्था सँभालनी है, वो कानून व्यवस्था ठीक करने के बजाय पूरी दिल्ली सरकार पर कब्जा करने के षड्यंत्र कर रहे हैं। आज अगर दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र की बजाय आप सरकार के अधीन होती तो दिल्ली सबसे सुरक्षित होती।

## रोजगार सरकार की प्राथमिकता नहीं : राहुल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) में दो लाख से अधिक नौकरियों में गिरावट को लेकर केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि यह भारत का गौरव हुआ करता था और रोजगार के लिए हर युवा का सपना होता था। लेकिन चंद पूंजीपति मित्रों के फायदे के लिए लाखों युवाओं की उम्मीदों को कुचला जा रहा है। राहुल गांधी ने हिंदी में एक ट्वीट में कहा, पीएसयू भारत का गौरव हुआ करते थे और रोजगार के लिए हर युवा का सपना हुआ करते थे। लेकिन ये आज सरकार की प्राथमिकता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि देश में पीएसयू में रोजगार 2014 में 16.9 लाख से



घटकर 2022 में केवल 14.6 लाख रह गया है।

**उन्होंने कहा, क्या विकासशील देश में रोजगार घटता है?**

सरकार पर कटाक्ष करते हुए, वायनाड के पूर्व लोकसभा सांसद ने कहा, जिन्होंने हर साल 2 करोड़ नौकरियों का झूठा वादा किया था, उन्होंने 2 लाख से अधिक नौकरियों को समाप्त कर दिया। इसके अलावा, इन संस्थानों में संविदा भर्ती लगभग दोगुनी हो गई है। क्या यह इन कंपनियों के निजीकरण की साजिश है?

राहुल ने कहा, उद्योगपतियों के ऋण माफ किए गए, और सार्वजनिक उपक्रमों से सरकारी नौकरियां खत्म हो गईं। यह कैसा 'अमृत काल' है? यदि यह वास्तव में 'अमृत काल' है तो नौकरियां इस तरह क्यों गायब हो रही हैं? इस सरकार के तहत देश रिकॉर्ड बेरोजगारी से जूझ रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा, चंद पूंजीपति मित्रों के फायदे के लिए लाखों नौजवानों की उम्मीदों को कुचला जा रहा है। उन्होंने कहा,यदि भारत के पीएसयू को सरकार से सही वातावरण और समर्थन मिलता है, तो वे अर्थव्यवस्था और रोजगार दोनों को बढ़ाने में सक्षम हैं।

## शिवसेना नेता शिशिर शिंदे ने छोड़ा उद्धव का साथ

**एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पूर्व विधायक शिशिर शिंदे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को लिखे पत्र में कहा कि एक साल पहले शिवसेना (यूबीटी) का उपनेता नियुक्त किए जाने के बावजूद उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीने में ठाकरे से मिलना असंभव हो गया था। शिवसेना के तेजतर्रार नेता शिंदे 1991 में चर्चा में आए थे जब उन्होंने पार्टी कार्यकर्ता के तौर पर कुछ अन्य कार्यकताओं के साथ मिलकर भारत-पाकिस्तान



मैच रोकने के लिए मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की पिच खोद दी थी। बाद में वह शिवसेना छोड़कर राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना में शामिल हो गए थे। वह 2009 में उपनगरीय भांडुप से विधायक चुने गए थे। 2018 में वह शिवसेना में लौट आए थे।

**बढ़ती गर्मी** — **हमारा शरीर 45 डिग्री तापमान सहने के लिए नहीं है**

# बचाव न किया जाए तो लू लग जाएगा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार सहित कई राज्यों में गर्मी व लू का तांडव शुरू हो गया है। इन राज्यों में दिन का तापमान 45 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। जिसके कारण युवा से लेकर बुजुर्ग तक हीट स्ट्रोक के कारण बीमार पड़ रहे हैं। अस्पताल में इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। लोग मरने लगे हैं। ऐसे में हीट स्ट्रोक गर्मी व बढ़ते तापमान में हृदय, मस्तिष्क, किडनी और मांसपेशियों का खतरा बढ़ने लगा है। इसलिए सबको इससे बचने व सावधान रहने का हर संभव उपाय करना चाहिए। इस बारे में चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों गर्मी का दौर जारी है। इसमें बच्चों व बुजुर्गों को बहुत ही सावधान रहने की जरूरत है। थोड़ी सी भी लापरवाही गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। क्योंकि हमारा शरीर 45 डिग्री तक



तापमान सहन करने के योग्य नहीं है, इसलिए यदि बचाव न किया जाए तो हीट स्ट्रोक सहित कई अंगों पर इसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों अस्पताल में ज्यादातर लोग जो गर्मी के दुष्प्रभावों के कारण भर्ती हो रहे हैं उनमें ओलिगुरिया की समस्या देखी जा रही है। यह ऐसी स्थिति है जिसमें लू या हीट स्ट्रोक लगने के कारण डिहाइड्रेशन के चलते किडनी पर्याप्त मात्रा में मूत्र का उत्पादन नहीं कर पाती है। चूंकि हम जितना पानी पीते हैं उसकी ज्यादातर मात्रा पसीने के रूप में शरीर से बाहर निकल जाती है, जिससे किडनी में पानी कम मिल पाता है। यही कारण है कि गर्मी के दिनों में हमें कम बार पेशाब जाने की अनुभूति होती है, यह किडनी की सेहत के लिए हानिकारक स्थिति है। ऐसे में जिस तरह से अभी दिन के समय का तापमान बढ़ा हुआ रह रहा है, इसमें जरा सी भी लापरवाही हीट स्ट्रोक का कारण बन सकती है। हीट स्ट्रोक एक ऐसी स्थिति है जिसमें आपका शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है और शरीर सामान्य रूप से तापमान को नियंत्रित नहीं कर पाता है। लंबे समय तक धूप संपर्क में रहने या उच्च तापमान के कारण यह दिक्कत होती है। हीट स्ट्रोक में शरीर का तापमान 104 फा. या इससे अधिक हो सकता है। गर्मी के कारण होने वाली मौतों की एक प्रमुख वजह हीट स्ट्रोक होना और समय पर इसका इलाज न हो पाना है। हीट स्ट्रोक और गर्मी की अन्य समस्याओं से कैसे बचें? चिकित्सकों के अनुसार हम सभी के लिए जरूरी है कि इन दिनों जितना हो सके गर्मी और धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें। इसके लिए दो बातों का सबसे अधिक ध्यान दिया जाना आवश्यक है। पहला- अधिक से अधिक पानी पीते रहें, शरीर को ठंडा रखने के लिए यह बहुत आवश्यक है।दूसरा- धूप में बिल्कुल न जाएं। दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें। शरीर को गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए हल्के रंग के, ढीले कपड़े पहनें। ध्यान रहे गर्मी का दुष्प्रभाव तब और ज्यादा हो जाता है जब हमारे शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पेट को पानी से भरे रहें, यह गर्मी के दुष्प्रभावों से बचने का सबसे अच्छा तरीका है। यदि उपलब्ध हो तो छाछ / मट्ठा व सत्तू पीएं।




## 'आईना' के 30 साल पूरे होने पर जैकी श्रॉफ ने शेयर की थ्रोबैक फोटो

**बॉलीवुड** एक्टर जैकी श्रॉफ को 'परिंदा', 'राम लखन', 'त्रिदेव' और कई अन्य फिल्मों के लिए जाना जाता है। जैकी ने रविवार को फिल्म आईना की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। इस फिल्म में जैकी के साथ एक्ट्रेस अमृता सिंह और जूही चावला भी थी। पिछली यादों को ताजा करते हुए एक्टर जैकी ने फिल्म की सह-कलाकार अमृता सिंह और जूही चावला के साथ खुद की थ्रोबैक फोटो पोस्ट की। एक्टर ने कैप्शन में लिखा, 'आईना के तीस साल'! फिल्म आईना एक कॉम्पलेक्स लव ट्राएंगल है और दोस्ती, बलिदान के थीम्स को एक्सप्लोर करती है। फिल्म में जैकी श्रॉफ की भूमिका को काफी सराहा गया था, जिनके अभिनय में काफी गहराई थी। फिल्म को तेलुगु में 'अयनकी इद्दरु', तमिल में 'कल्याण वैभोगमे' और कन्नड़ में 'यारे नी अभिमानी' के रूप में बनाया गया था।



### 'बिग बॉस ओटीटी 2' में नजर आएंगी पूजा भट्ट



**बिग** बॉस ओटीटी 2 का दूसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के सामने आएगा। शो के पहले सीजन को पिछली बार करण जौहर ने होस्ट किया था। हालांकि, इस बार सलमान खान शो को टीवी के साथ-साथ ओटीटी पर भी होस्ट करेंगे। बिग बॉस के दूसरे सीजन की घोषणा के बाद से ही फैंस यह जानने के लिए बेताब हैं कि इस बार बिग बॉस ओटीटी 2 के घर में कौन से कलाकार एंट्री करेंगे। बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा भट्ट बिग बॉस ओटीटी 2 में भाग लेने वाली 13वीं प्रतियोगी हैं। पूजा अन्य बिग बॉस प्रतियोगियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगी। बिग बॉस के घर में उनकी एंट्री फैंस के लिए शॉकिंग है।

## असमिया फिल्म इंडस्ट्री के आए अच्छे दिन

**असमिया** फिल्म इंडस्ट्री के अच्छे दिन आ गए हैं। हाल ही में रिलीज हुई असमिया फिल्म श्री रघुपति को दर्शकों ने जमकर प्यार दिया है। इस कड़ी में असमिया फिल्म निमार्ता फिल्म बनाने के लिए आगे आ रहे हैं। वर्तमान में एक के बाद एक असमिया फिल्में सुपरहिट हो रही हैं। राज्य की प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता और हाजो विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुमन हरिप्रिया अगले साल नवंबर से एक नई असमिया फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। सुमन हरिप्रिया की प्रसिद्ध फिल्मों में कइना मोर धुनिया,



कका देउतार घर जोवाई, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'कदमताले कृष्ण नाचे' शामिल हैं। सुमन हरिप्रिया ने मीडिया से बातचीत करते हुए उम्मीद जतायी है कि मेरी नई फिल्म भी डॉ. बेजबरुवा 2, श्री रघुपति की तरह दर्शकों द्वारा स्वीकार की जाएगी। आगामी नई फिल्म के एक्शन प्रधान होने की बात कहते हुए विधायक ने कहा कि फिल्म की पटकथा पहले से ही तैयार है। उन्होंने बताया की नवंबर से फिल्म की शूटिंग असम के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ तीर्थ नगरी हाजो के मनमोहक प्राकृतिक परिवेश में भी की जाएगी। विधायक और फिल्म निमार्ता सुमन हरिप्रिया ने कहा कि जल्द ही दर्शकों को पता चल जाएगा कि फिल्म का नाम क्या होगा।